19- MAR- BSP- P-1_Layout 1 3/19/2025 11:22 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 20 मार्च 2025





महाराणा प्रताप चौक पर यह नजारा रोजाना देखने को मिलता है। ट्रेफिक सिग्नल बंद होने से लोग अपनी मनमानी करते हैं।

## कालेजों में मुख्य पर्चा आज से, उड़नदस्ता गठित



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा वार्षिक परीक्षा तहत मुख्य पर्चा 20 मार्च से शुरू होने जा रही है। इसमें स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर के विभिन्न विषयों की परीक्षा होगी, जिसके लिए यूनिवर्सिटी द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों में प्रश्न पत्र भिजवा दिया गया है। वहीं नकल की रोकथाम के लिए यूनिवर्सिटी की ओर से तीन उड़नदस्तों का गठन किया गया है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा मुख्य वार्षिक परीक्षा में कड़ाई बरती जा रही है और परीक्षा दौरान नकल की रोकथाम के लिए एक महिला उड़नदस्ता भी गठित किया गया है, जिसमें तीन महिला प्राध्यापकों को शामिल किया गया है। इसके अलावा दो और उड़नदस्ता बनाया गया है, जिसमें एक उड़नदस्ता कोरबा जिला अंतर्गत कालेजों का निरीक्षण करेगी और दूसरा उड़नदस्ता बिलासपुर जिला एवं आसपास के कालेजों में परीक्षा दौरान जांच करेगी।

# व्यापार विहार की दो ड्रायफूट दुकानों में जीएसटी का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्टेट जीएसटी की टीम ने व्यापार विहार स्थित संभाग की सबसे बड़ी दो ड्रायफूट दुकानों में धावा बोला है। टीम ने दोपहर से देर शाम तक यहां जांच और कार्रवाई की। दोनों दुकानों से टीम ने जरूरी दस्तावेज समेत लैपटाप, कम्प्यूटर और हिसाब-किताब की डायरी समेत बिल और वाउचर कब्जे में किया है। जानकारी के अनुसार जीएसटी टीम ने कार्रवाई के दौरान दोनों दुकान समेत गोदाम को अपने कब्जे में लिया है।

संभाग के सबसे बड़े व्यापारिक केन्द्र व्यापार विहार में गोपालदास टोडरमल और पवन ड्रायफ्रूट की बड़ी दुकान है। थोक के साथ चिल्हर का भी कारोबार यहां से होता है। दोनो दुकान संभाग के बड़े ड्रायफ्रूट में शामिल हैं और दोनों दुकानों के मालिक भी एक ही है। जीएसटी टीम को शिकायत मिल रही थी कि यहां टैक्स चोरी की जा रही है। इसकी जांच करने के लिए स्टेट स्तर पर टीम बनी। इसमें स्थानीय अधिकारियों को भी शामिल किया गया। इसके बाद बुधवार की दोपहर जीएसटी अधिकारियों ने दोनों ड्रायफ्रूट दुकानों में पहुंचकर जांच की। अधिकारियों ने बिल बुक के साथ ही दुकान में रखे सभी दस्तावेज समेत कम्प्यूटर और लैपटाप को खंगाला।

### टैक्स चोरी की आशंका पर कार्रवाई, बिल वाउचर जब्त



व्यापार विहार में कार्रवाई करते अधिकारी।

### टैक्स चोरी की आशंका

स्टेट जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर महेनद्र धनेलिया के मुताबिक इस तरह की जांच समय समय पर होती रहती है। इसे छापा कहना उचित नहीं होगा। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि टैक्स चोरी की आशंका पर प्रदेश भर में इस तरह के कई दुकानों और फर्मों की जांच हो रही है। इसमें कई जगहों पर गड़बड़ी भी मिल रही है। व्यापार विहार में जांच पड़ताल के दौरान जीएसटी की टीम ने दोनों ही दुकानों में अनियमितता पकड़ी है। अधिकारियों के मुताबिक दोनो दुकानों से नियमित तौर पर माल सप्लाई और बिक्री करोड़ों में है लेकिन उसका टैक्स सही तरीके जमा नहीं किया जा रहा है।

### चल रही है जांच

जीएसटी अधिनियम की धारा 71 के तहत प्रदेश भर के संस्थानों में इस तरह की जांच चल रही है। बिल वाउचर के साथ ही लेखा जोखा का विवरण लेते हुए सत्यापन किया जा रहा है। टैक्स चोरी की आशंका पर ऐसा किया जा रहा है।

**- नरेन्द्र वर्मा,** ज्वाइंट कमिश्नर, जीएसटी

सिम्स में गलत इंजेक्शन से गर्भपात का आरोप

# हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव से मांगा जवाब

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने सिम्स में गर्भवती महिला का गर्भपात होने के मामले को संज्ञान में लिया है। कोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव को नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि सरकार इस मामले में क्या कर रही है इसका विस्तृत जवाब दे।

ध्यान रहे कि कोटा थाना क्षेत्र के करगीखुर्द निवासी गर्भवती महिला को पेट में दर्द होने की शिकायत पर सिम्स में भर्ती कराया गया था। पेट दर्द का इलाज कराने आई महिला का ऐसा इंजेक्शन लगाया गया कि उसका पांच माह का गर्भपात हो गया। महिला के पति ने सिम्स में गलत इंजेक्शन लगाए जाने के कारण गर्भपात होने का आरोप लगाया। इसमें महिला के पति ने करगीखुर्द प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दी गई दवा व रिफेर पर्ची मीडिया को उपलब्ध कराई। इसमें पेट दर्द के लिए महिला को पीसीएम दवा देकर कोटा भेजा गया था। कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला को दर्द निवारिक इंजेक्शन व कुछ दवा देकर सिम्स भेजा गया। रेफर पर्ची में गंभीर पेट दर्द लिखा गया, इसके बाद उसे सिम्स लाकर भर्ती कराया गया।



गर्भवती को लगा दिया गलत इंजेक्शन, हंगामा

सिम्स में लापरवाही : कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### रक्त स्त्राव का उल्लेख नहीं

इस संबंध में खबर प्रकाशित होने के बाद सिम्स प्रबंधन ने बचाव में रक्त स्त्राव होने के कारण गर्भपात होने की बात कही वही कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की एक पर्ची लगाई गई , जिसमें कोटा में उपचार एवं रिफरल पर्ची महिला को दी गई दवा के साथ पेट दर्द व रक्त स्त्राव होने की बात लिखी गई। कोटा अस्पताल से जारी पहले रिफरल पर्ची में कहीं भी लेकिन रक्त स्त्राव का उल्लेख नहीं है। मामले की जांच के लिए सिम्स प्रबंधन ने चार सदस्यीय टीम गठित की हैष इस मामले को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने गंभीरता से लेते हुए आज हुई सुनवाई में अतिरिक्त महाधिवक्ता से कहा कि सरकार इसमें क्या कर रही है।

मामले की अगली सुनवाई 26 मार्च को होगी

# स्टेट बार का चुनाव, शेड्यूल तय करने बार काउंसिल ऑफ इंडिया को अंतिम अवसर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल के चुनाव को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को अंतिम अवसर दिया है। इस सुनवाई में स्टेट बार काउंसिल चुनाव शेड्यूल पर स्पष्टीकरण देना होगा। मामले की अगली सुनवाई 26 मार्च को होगी। ध्यान रहे कि मंगलवार को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने स्टेट बार काउंसिल (एसबीसी) को निर्देश दिया था कि वे प्रस्तावित चुनाव कार्यक्रम के लिए स्पष्ट गाइडलाइन तैयार कर कोर्ट में पेश करें। हालांकि बुधवार को भी कोई शेड्यूल तय नहीं हो सका।



ध्यान रहे कि हाईकोर्ट खास तौर पर स्टेट बार काउंसिल पर काफी नाराज हो रहा कि 45 दिन का कार्यक्रम जारी किया गया है जबकि अपने ही नोटिफिकेशन में स्टेट बार ने पहले 180 दिनों की बात कही थी। इससे पहले हाईकोर्ट ने पिछले छह वर्षों से स्टेट बार काउंसिल के चुनाव नहीं होने पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने 18 फरवरी 2025 को पारित अपने आदेश के पालन की स्थिति के बारे में पूछा। साथ ही, बीसीआई की ओर से शपथपत्र दाखिल न किए जाने पर भी असंतोष व्यक्त किया था। बीसीआई के अधिवक्ता ने जानकारी दी कि सचिव द्वारा शपथपत्र भेज दिया गया है, लेकिन वह हाईकोर्ट को प्राप्त नहीं हुआ। कोर्ट ने यह भी कहा है कि चुनाव कार्यक्रम बीसीआई नियमों और अधिसूचनाओं के अनुसार तैयार किया जाए, ताकि चुनाव में किसी प्रकार की देरी न हो।

परीक्षा देकर लौटा था

# 12वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परीक्षा दिलाकर घर लौटने के बाद कक्षा 12वीं के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मोबाइल लाक होने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हिर्री टीआई अवनीश पासवान ने बताया कि सकर्रा दर्रीपारा निवासी हरिश चक्रधारी पिता बिंदा चक्रधारी 17 साल कक्षा बारहवीं का छात्र था। 18 मार्च को वह अंतिम परीक्षा देकर घर लौटा और अपने रूम में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी समय तक बाहर नहीं निकलने पर पर घरवालों ने आवाज लगाई। उसके बाद भी बाहर नहीं निकलने से घरवालों ने खिड़की से देखा तो उसकी फांसी पर लटकी लाश दिखाई दी। सूचना पर पुलिसकर्मियों ने उनके घर जाकर किसी तरह दरवाजा खोलकर फंदा काटकर नीचे उतारा, तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने दोस्तों से पूछताछ की तो बताया गया हरिश पढ़ाई में अच्छा था और उसने अच्छा पेपर दिलाने की बात कही थी। उसका मोबाइल फिंगर लॉक है, जिसके कारण आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। बहरहाल पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।




# परीक्षा दिलाकर घर जा रहे छात्र से मारपीट

**बिलासपुर।** परीक्षा दिलाकर बाइक से घर जा रहे छात्र के साथ युवकों ने जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



चकरभाठा पुलिस के अनुसार, कडार निवासी आयुष दुबे पिता ब्रजेश दुबे कक्षा बारहवीं का छात्र है। 18 मार्च को चकरभाठा शासकीय स्कूल में परीक्षा देने के बाद बाइक से घर जा रहा था। दोपहर 12.40 बजे वार्ड क्रमांक 8 अम्बे मंदिर के पास लक्की शर्मा, कुबेर राजपूत, सतीश ठाकुर एवं उनके अन्य साथी खड़े थे। वह किनारे से बाइक निकालकर जा रहा था। इसी दौरान सभी युवक एकराय होकर उनके साथ गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना किया तो युवकों ने आयुष के साथ हाथ मुक्का, बेल्ट, ईंट से जमकर मारपीट कर दी है। छात्र आयुष ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने हमलावर युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 10 अप्रैल तक

**बिलासपुर।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 10 अप्रैल तक इसके लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसकी अधिसूचना भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन (8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों के लिए है।

## पालना कार्यकर्ता भर्ती के लिए आवेदन 27 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा अंतर्गत पालना कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 27 मार्च तक आवेदन आमंत्रित हैं। पालना केन्द्र तिफरा के वार्ड क्रमांक 5 डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड में पालना कार्यकर्ता एवं सहायिका के 1-1 रिक्त पदों के लिए आवेदन किया जा सकता है। आवेदिका इस संबंध में नगर पालिक निगम बिलासपुर एवं एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा के सूचना पटल का अवलोकन कर सकती हैं। इच्छुक आवेदिका सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन कर सकती हैं।

## आरटीई : सीटों में प्रवेश के लिए आवेदन 31 तक

**बिलासपुर।** शिक्षा का अधिकार यानी आरटीई से निजी स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू है। इस बार 46 हजार से अधिक सीटों में प्रवेश दिए जाएंगे। पहले चरण के तहत ऑनलाइन आवेदन 31 मार्च तक किए जा सकते हैं। सीटों के आबंटन के लिए मई में लॉटरी निकलेगी। इसके अनुसार 5 मई से 30 मई तक संबंधित एडमिशन होंगे। सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए अब तक 23 हजार से अधिक छात्रों के आवेदन मिल चुके हैं। प्रदेश के 6746 निजी स्कूलों में एडमिशन होंगे। जानकारी के मुताबिक इस बार आवेदनों की जांच की प्रक्रिया इस बार मार्च में ही शुरू होगी। नोडल अधिकारियों के माध्यम 17 मार्च से लेकर 25 अप्रैल तक जांच की जाएगी। जिनके आवेदन सही पाए जाएंगे उसे लॉटरी में शामिल किया जाएगा।







नगर पंचायत बरेला
शपथ ग्रहण समारोह
में आए समस्त अतिथियों का
हार्दिक स्वागत अभिनंदन ...
दिनांक : 20 मार्च 2025, गुरुवार
समय : दोपहर 1 बजे
स्थान : पंजाब नेशनल बैंक के पीछे मैदान,
बरेला, जिला - मुंगेली
मुख्य अतिथि
मा. अरूण साव जी
उप-मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
अध्यक्षता
मा. पुन्नूलाल मोहले जी
विधायक मुंगेली
नितेश कुमार पटेल
पार्षद वार्ड क्र. 1
श्रीमती देवहुति बबलू पटेल
पार्षद वार्ड क्र. 2
श्रीमती जया पटेल
पार्षद वार्ड क्र. 3
हीरालाल पटेल
पार्षद वार्ड क्र. 4
श्रीमती मुन्नी पवन पटेल
पार्षद वार्ड क्र. 5
श्रीमती सुनीता विजय दीवान
पार्षद वार्ड क्र. 6
प्रदीप ध्रुवंशी
पार्षद वार्ड क्र. 7
संजय ध्रुवंशी
पार्षद वार्ड क्र. 8
श्री नरेश पटेल
अध्यक्ष नगर पंचायत बरेला
विनीत : नगर पंचायत बरेला (मुंगेली)
शेख जैनुल
पार्षद वार्ड क्र. 9
विवेकदीप सेमरिया
पार्षद वार्ड क्र. 10
जगदीश साहू
पार्षद वार्ड क्र. 11
भगेला धुरी
पार्षद वार्ड क्र. 12
राजकुमार साहू
पार्षद वार्ड क्र. 13
श्रीमती पिंकी निर्मलकर
पार्षद वार्ड क्र. 12
संजय निर्मलकर
पार्षद वार्ड क्र. 15
संकलनकर्ता
पी. भारती बैनेट
हरिभूमि प्रतिनिधि
जरहागांव (मुंगेली), मो. 7389105897

## खबर संक्षेप

### डॉ.बृजेश का आलेख संग्रह छत्तीसगढ़ सौरभ प्रकाशित



**बिलासपुर।** डॉ.बृजेश सिंह का आलेख संग्रह 'छत्तीसगढ़ सौरभ' का प्रकाशन साहित्य ग्राम पब्लिकेशन द्वारा किया गया है। इस आलेख संग्रह में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, महानदी घाटी की सभ्यता और जल संरक्षण, परम संत गुरुघासीदास, छत्तीसगढ़ की जीवन रेखा महानदी, छत्तीसगढ़ का लोकपर्व दुर्गोत्सव, छत्तीसगढ़ी काव्य में राम के साथ-साथ पं लोचन प्रसाद पाण्डेय सहित छत्तीसगढ़ के कई साहित्यकारों पर केन्द्रित आलेख समाहित हैं। डॉ. सिंह द्वारा रचित विगत 6 माह में पांच आलेख- निबंध संग्रहों का प्रकाशन हुआ है। डॉ. सिंह ने जहां पांच दर्जन से अधिक पुस्तकों का प्रणयन किया है, वहीं उनके साहित्य पर केन्द्रित दो दर्जन से अधिक पीएचडी व शोध ग्रंथ प्रकाशित हैं। आहुति तथा वेदमूर्ति महाकाव्य के साथ-साथ तीर्थोत्तमा अयोध्या आपके बहुचर्चित ग्रंथ हैं। 'छत्तीसगढ़ सौरभ' आलेख संग्रह में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को विशेष स्थान दिया गया है। यह जानकारी विकास संस्कृति साहित्य अकादमी के प्रवक्ता प्रदीप कुमार ने दी।

### अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय ने अभिनंदिता को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय ने अभिनंदिता शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध विषय सार्वजनिक उपक्रमों में कर्मचारियों की भर्ती, चयन एवं प्रक्षिक्षण व्यवस्था का वित्तीय मूल्यांकन (साउथ ईस्टर्न कोल फ्रील्ड्स लिमिटेड बिलासपुर के विशेष संदर्भ में है। उन्होंने अपना शोध कार्य पीएनएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसके शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में पूरा किया है। वे जलज शर्मा की पत्नी, रमेश व कुमुद शर्मा की पुत्री हैं।

### नेहरू युवा केंद्र ने उपभोक्ता दिवस पर किया ग्राहकों को जागरुक



फोटो है संपादक जी नेहरू युवा केंद्र के नाम से

बिलासपुर। नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अधिवक्ता के रूप में रेखा गुल्ला, ग्राहक पंचायत उपाध्यक्ष सुनीता मानिकपुरी, ग्राम पंचायत सदस्य एवं मदन मोहन गुल्ला उपस्थित हुए। उपभोक्ता दिवस पर रेखा गुल्ला ने बताया कि कैसे लेनदेन किया जाता है, दुकान का सामान देते वक्त तराजू में चुंबक का उपयोग करता है, उसे ध्यान से लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग नहीं करना चाहिए, ज्यादा से ज्यादा देखकर सामान खरीदना चाहिए। इसी तरह अन्य वक्ताओं ने विभिन्न मुद्दों पर अपना विचार प्रकट किया। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र जिला समन्वयक दिनेश यादव के नेतृत्व में किया गया। इसमें स्वाति गुप्ता, नीरज आदि मौजूद थे।

### एयू में माइक्रो एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में आज 12 दिवसीय माइक्रो एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद की संयुक्त पहल के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य एडीएन बाजपेई ने की। श्री बाजपेयी ने छात्रों के समक्ष डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के शब्दों को उद्धृत किया। सपने वे नहीं जो हम सोते समय देखते हैं, सपने वे होते हैं जो हमें सोने नहीं देते। उन्होंने उद्यमिता को आर्थिक समृद्धि की कुंजी बताते हुए युवाओं को दृढ़ संकल्प के साथ अपने उद्यमिता सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा उद्यमिता देश की आर्थिक प्रगति का आधार है। मुख्य अतिथि मुकुल वेदी ने कहा हम ऐसे युग में जी रहे हैं जहां स्टार्टअप और नवाचार की प्रासंगिकता बढ़ी है। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण आवश्यक है। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. सुमोना चक्रवर्ती ने कहा कि यह पहल छत्तीसगढ़ में युवाओं और महिलाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।डॉ. मनोज सिन्हा, डॉ. गौरव साहू, डॉ. सुमोना भट्टाचार्य और डॉ. एचएस होता ने भी छात्रों को संबोधित किया।कार्यक्रम में 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें व्यवसाय योजना निर्माण, वित्तीय प्रबंधन, मार्केटिंग रणनीतियाँ, डिजिटल टूल्स, सरकारी योजनाएं और विभिन्न व्यावसायिक अवसरों की जानकारी दी जाएगी।

### बहतराई में अखंड नवधा रामायण आज से, निकलेगी कलश यात्रा



**बिलासपुर।** अखंड नवधा रामायण समिति यादव नगर बहतराई द्वारा 20 मार्च से अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ किया जा रहा है। कथा के पहले आयोजन समिति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। इसका समापन 29 मार्च को एवं मानस गान प्रतियोगिता रात 9 बजे से होगी। रविवार 30 मार्च को हवन, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा, कुंवारी भोज, ब्राहम्ण भोज एवं विसर्जन होगा। इसमें आचार्य पं. मनोज कुमार चौबे बिरकोना वाले अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं का भक्ति रस का पान कराएंगे। इसमें कथा वाचक पं. सुरेश्वर महाराज हैं। कार्यक्रम के संयोजक राम खिलावन साहू, हैं। इसमें मनीराम ध्रुव, संतराम साहू, राम बहोरिक साहू, मनहरण लाल साहू, मुद्रिका प्रसाद जायसवाल आदि आवश्यक तैयारी में लगे हैं। इस दौरान आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

**पीएम की सभा 30 को** — सभा स्थल मोहभट्ठा में अफसरों की बैठक लेकर 25 मार्च तक तैयारी पूर्ण करने दिए निर्देश

# पीएम मोदी के आगमन को लेकर उप मुख्यमंत्री ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- कहा प्रधानमंत्री की यात्रा को यादगार बनाने लोगों में उत्साह



सभा स्थल का निरीक्षण करते उप मुख्यमंत्री साव व अन्य प्रशासनिक अफसर।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिलासपुर आगमन को लेकर शासन-प्रशासन में हरकत तेज हो गई है। बुधवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव ने सभा स्थल मोहभट्ठा का निरीक्षण किया और कार्यक्रम स्थल पर ही अधिकारियों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री के 30 मार्च के प्रवास को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए 25 मार्च तक तमाम कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़ और विशेषकर बिलासपुर आगमन हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है, उनके कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने प्रधानमंत्री के आगमन के पूर्व 25 मार्च से 29 मार्च तक पूरे जिले में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। नव निर्वाचित पार्षद, पंच-सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों की खास सहभागिता से यह अभियान चलाया जाना चाहिए। श्री साव ने सभास्थल एवं आसपास बन रहे पार्किंग स्थल में की जा रही तैयारी का मुआयना किया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव मनोज कुमार पिंगुआ सहित आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह सहित राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि बिलासपुर को प्रधानमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की मेजबानी का सौभाग्य मिला है। हमें अपनी योजनाओं को अच्छे स्वरूप में पूरे राज्य के लोगों को दिखाने का अच्छा मौका मिल रहा है। पूरे राज्य के लोग इस समारोह में आएंगे। इसलिए कार्यक्रम के जरिए अच्छा संदेश देना है, वे हमारे लिए मेहमान की तरह होंगे, उन्हें पर्याप्त सम्मान देना है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बिल्हा के आसपास सहित पूरे जिले की सड़कों की मरम्मत अभियान चलाकर करने के निर्देश दिए। लोगों को पीने के लिए पर्याप्त पेयजल मिले। इसके लिए बंद पड़े नलकूप तुरंत सुधारा जाए।

#### प्रभारी सचिव ने दिए निर्देश

प्रभारी सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने वर्तमान में चल रही तैयारियों पर संतोष प्रकट किया। उन्होंने सभी तरह के विपरित हालातों से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। बताया गया कि आयोजन को लेकर रेलवे का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। बैठक में सभी अधिकारियों ने उन्हें सौंपे गये कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। आईजी संजीव शुक्ला ने सुरक्षा व्यवस्था के बारे में बताया। उन्होंने कि एसपीजी एवं प्रधानमंत्री की प्रोटोकॉल के अनुरूप चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। कलेक्टर अवनीश शरण ने बताया कि सभास्थल पर तैयारियां तेजी से चल रही हैं।

#### 120 सेक्टरों में बैठक व्यवस्था

सभा स्थल पर 120 सेक्टर बनाकर लोगों के बैठने की व्यवस्था बनाई जा रही है। प्रत्येक सेक्टर में डेढ़ से दो हजार लोग सुविधाजनक तरीके से बैठ पाएंगे। सेक्टरों में लोगों के सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए 10 अधिकारी कर्मचारी तैनात होंगे। कानून व्यवस्था के लिए 13 राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी भी मोर्चा संभालेंगे। प्रत्येक सेक्टर में साफ-सफाई के साथ मेडिकल कीट के साथ मितानीन एवं ठंडा पेयजल वितरित किया जाएगा। सभा स्थल के इर्द-गिर्द 8 पार्किंग स्थल बनाये गये हैं। पार्किंक स्थल पर अधिकांश तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। प्रत्येक पार्किंग स्थल पर राजस्व एवं पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सम्मेलन में आ रहे लोगों को अधिकतम डेढ़ किलोमीटर से ज्यादा पैदल नहीं चलना होगा। पार्किंग स्थल पर एम्बुलेंस, शौचालय, पेयजल व्यवस्था एवं टैंकर्स, एनाउंस सिस्टम, भोजन पंडाल की समुचित व्यवस्था रहेगी।

**तखतपुर क्षेत्र के कई गांवों में स्थिति खराब, गर्मी के फसल को नहीं मिल पा रहा पानी**

# गर्मी शुरू होते ही जलस्तर गिरा, कई गांवों में 500 फीट नीचे गया पानी



अभी गर्मी की शुरुआत ही हुई है और भू जल स्तर तेजी से नीचे गिरने लगा है, जिससे कई ट्यूबवेल भी सूख गए हैं। तखतपुर ब्लॉक अंतर्गत कई ग्रामीण इलाकों में ट्यूबवेल सूखने की वजह से किसानों के खेतों में लगे गर्मी सीजन के धान फसल को पानी नहीं मिल पा रहा है। हालत यह है इस ब्लाक के घुटकू के आसपास और चोरभट्टी जैसे गांवों में पानी 500 फीट से भी अधिक नीचे चला गया है। इन गांवों में ट्यूबवेल के हवा फेंकने से धान की फसल सूख गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी का मौसम आते ही भू जल स्तर तेजी से नीचे जाने लगता है। जिले में भू जल स्तर गिरने की सबसे ज्यादा समस्या तखतपुर क्षेत्र से आने लगी है। तखतपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्रामीण इलाकों चनाडोंगरी, देवरीखुर्द, काठाकोनी, खम्हरिया, भिलौनी, सागर, लाखासार, चोरभट्ठी, घानापार जैसे कई गांवों में जल स्तर काफी नीचे चला गया है, जिससे 200-300 फीट गहरे वाले ट्यूबवेल सूखने लगे हैं। इन ट्यूबवेलों से पानी निकलना बंद हो गया है। इससे सीधे-सीधे वे किसान प्रभावित हो रहे हैं जिन्होंने गर्मी सीजन का धान अपने खेतों में लगाया है। क्योंकि गर्मी सीजन में धान का फसल लेने की हिम्मत किसान ट्यूबवेल के भरोसे ही करते हैं। लेकिन जल स्तर नीचे जाने से ट्यूबवेल से खेतों को पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे गर्मी वाले धान के फसल को नुकसान हो रहा है।



जलस्तर गिरने से खेतों की फसल हो रही बर्बाद।

#### बड़ी संख्या में ट्यूबवेल खनन भी कारण

भू जल स्तर नीचे गिरने का एक प्रमुख कारण ट्यूबवेल खनन भी है। ट्यूबवेल खनन की संख्या बढ़ती जा रही है। आज गांव-गांव में ट्यूबवेल वाले किसानों की भरमार है। किसान अपने खेतों में ट्यूबवेल खनन करा रहे हैं और साल में दोहरा धान का फसल ले रहे हैं। इससे हो यह रहा है कि गर्मी सीजन में दिन-रात ट्यूबवेल से पानी सिंचाई का काम चलते रहता है। ट्यूबवेल के माध्यम से भू जल का दोहन अधिक हो रहा है।

#### मंगा रहे हैं जानकारी

गर्मी में जल स्तर नीचे जाने लगता है, उस पर बेतहाशा ट्यूबवेल खनन हो गया है। इससे ज्यादा भू जल का दोहन होता है। गर्मी चालू होते ही कई जगहों पर भू जल नीचे गिरने लगा है। तखतपुर क्षेत्र में भी भू जल स्तर गिरने से ट्यूबवेल और हेडपंप सूखने समस्या सामने आ रही है जिसकी जानकारी मंगा रहे हैं।

-हर्ष कबीर
कार्यपालन अभियंता, पीएचई

#### गर्मी के धान में लगता है अधिक पानी

गर्मी के धान फसल में पानी अधिक लगता है और इसके लिए सीधा-सीधा भू जल का दोहन होता है। इसके बाद भी किसान गर्मी में धान का फसल लेते हैं। किसानों को कृषि विभाग की ओर से रबी सीजन में दलहन, तिलहन, मक्का, चना, मसूर, मटर, मूंग, उड़द, तिवरा, सरसों, अलसी, तिल आदि की फसल लेने कहा जाता है। दरअसल रबी सीजन में ज्यादा धूप पड़ने की वजह से कीड़ा का प्रकोप कम लगता है। इसके अलावा वर्षा पर फसल आधारित नहीं होती है तथा ट्यूबवेल पंप से पानी सिंचाई किया जाता है और जितनी पानी की आवश्यकता होती है उतना पानी खेतों में लिया जाता है।

### जिला उद्योग संघ ने स्वर्ण जयंती समारोह में सदस्यों का किया आभार व्यक्त




जयंती समारोह में उपस्थित संघ के पदाधिकारी व सदस्य।

**बिलासपुर।** जिला उद्योग संघ इस वर्ष को संघ की स्वर्ण जयंती के रूप में मना रहा है। पूरे प्रदेश में बिलासपुर जिला उद्योग संघ का सीएमडी चौक में अपना स्वयं का भवन है जहां से सभी औद्योगिक गतिविधियों का संचालन किया जाता है।

संघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा एवं महा सचिव शरद सक्सेना ने बताया कि इस भवन का निर्माण 1995 में कराया गया था। स्वर्ण जयंती के अवसर पर उद्योग भवन का नवीनीकरण कराया गया है। जिसमें काफी उद्योगपतियों ने नवीनीकरण कार्य के लिए पूर्ण समर्पण से अपना सहयोग प्रदान किया। जिसके लिए अध्यक्ष अनिल सलूजा, महासचिव शरद सक्सेना ने जिला उद्योग संघ के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सभी जिला उद्योग संघ के सदस्यों ने नवीनीकरण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, पूर्व अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, चंद्रकांत भट, उपाध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, एन एस राजू, सतीश साह, अशोक अग्रवाल, रत्नेश गुप्ता एवं जिला उद्योग संघ के अनेक सदस्य मौजूद थे।

### अवैध पार्किंग से सड़कें हुई संकरी

**बिलासपुर।** वाहनों के बेहतर आवागमन के लिए जिला प्रशासन द्वारा शहर के बीचोंबीच बाइपास रोड व पार्किंग की व्यवस्था की है, लेकिन वाहन चालकों की लापरवाही के कारण सड़कों पर जाम लगा रहा है। तिफरा रेलवे फाटक के ऊपर से ओवर ब्रिज और फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। ताकि रायपुर से आने वाले भारी वाहनों के कारण सड़कें जाम न हो। साथ ही फ्लाईओवर के दोनों तरफ सड़क का निर्माण कराया गया है, जिससे आवागमन में परेशानी न हो। लेकिन, चार पहिया वाहन चालक मनमाने तरीके से पार्किंग कर सड़क को संकरा कर देते हैं। जिसके कारण अन्य वाहनों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है। जेपी वर्मा कालेज के सामने अवैध पार्किंग के कारण जाम की स्थिति प्रतिदिन बनी रहती है।

### एआईसीसी महासचिव पायलट का अटल ने किया स्वागत



**बिलासपुर।** एआईसीसी महासचिव छग प्रभारी सचिन पायलट 19 मार्च को रायपुर छग प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। जहां आईएनसी दीपक बैज, छग के पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक भूपेश बघेल, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव सहित सभी कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

#### जेपी वर्मा में बन रहा नया स्वागत द्वार

**बिलासपुर।** शहर का सबसे पुराना शासकीय जेपी वर्मा महाविद्यालय में नए स्वागत द्वारा का निर्माण कराया जा रहा है। महाविद्यालय के निर्माण के समय ही उक्त गेट को बनाया गया था, जो पुराना होने के कारण काफी जर्जर हो चुका है। मालूम हो कि उक्त महाविद्यालय में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे पढ़ने आते हैं।

**बिजनेस प्लस**

### यामाहा ब्लू स्क्वायर में नई एफजेडएस वी- 4 हाइब्रिड लांच

**बिलासपुर।** गौरव पथ स्थित तिरुपति बालाजी मोटर्स—यामाहा ब्लू स्क्वायर पर नई FZS V4 हाइब्रिड के लांच पर ग्राहकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। यह भारत की पहली हाइब्रिड मोटरसाइकिल है, जो अत्याधुनिक तकनीक और शानदार डिजाइन के साथ पेश की गई है। वर्षों से ग्राहकों की पसंद बनी FZS अब हाइब्रिड तकनीक के साथ और भी दमदार हो गई है, जिससे बेहतर माइलेज, स्मूथ राइडिंग और एडवांस फीचर्स का अनुभव मिलेगा। इस नई बाइक को लेकर उनकी उत्सुकता साफ झलक रही थी। पहले से बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को उनकी FZS V4 हाइब्रिड सफलतापूर्वक डिलीवर की गई। जिससे उनकी खुशी और बढ़ गई। शोरूम के प्रोप्राइटर अमन दुबे ने बताया कि यह बाइक ग्राहकों को बेहद पसंद आ रही है। लॉन्च के पहले ही दिन इसे शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इस नई मोटरसाइकिल पर 10 अप्रैल तक विशेष लॉन्च ऑफर उपलब्ध रहेगा। जिससे ग्राहक इस अवसर का पूरा लाभ उठा सकते हैं।



## 31 तक किया गया भुगतान अग्रिम कर अतिरिक्त देनदारी से बच सकते हैं करदाता

**बिलासपुर।** अग्रिम कर भुगतान करदाताओं के समय का अनुपालन करने व भुगतान को सुगम बनाने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। आयकर अधिनियम के तहत यदि किसी व्यक्ति की अनुमानित कर देयता एक वित्तीय वर्ष में 10 हजार रुपए या इससे अधिक है तो उसे अग्रिम कर का भुगतान करना अनिवार्य है। समय पर अग्रिम कर जमा करने से करदाता को धारा 234बी व 234सी के तहत लगने वाले ब्याज से बचाव होता है। 31 मार्च तक अग्रिम कर का भुगतान कर सभी करदाता अतिरिक्त भुगतान से बच सकते हैं।




एकमुश्त कर भुगतान की तुलना में अग्रिम कर 4 किश्तों में भुगतान करने से आर्थिक बोझ कम होता है। नियमित अग्रिम कर भुगतान करने वाले करदाता की कर प्रोफाइल मजबूत होती है, जिससे वे किसी भी अनावश्यक जांच से बच सकते हैं। अग्रिम कर भुगतान से सरकार को समय पर राजस्व प्राप्त होता है, जिससे देश की आर्थिक नीतियों को बेहतर तरीके से लागू किया जा सकता है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 236 करोड़ रुपए की अघोषित आय का पता लगाया गया। उन सभी करदाताओं ने अपने नियमित आय के अलावा सर्वे के दौरान पाई गई अघोषित राशि पर अग्रिम कर जमा कर रहे हैं जो कि एक सकारात्मक संकेत है। उन करदाताओं के लिए एक मिसाल पेश करता है।

#### अग्रिम कर के 100% भुगतान की समय सीमा इस माह के अंत तक

31 मार्च तक किया गया कर भुगतान भी अग्रिम कर माना जाएगा, जिससे करदाता अतिरिक्त कर देनदारी से बच सकते हैं। स्व-मूल्यांकन कर का भुगतान करने से कर देय होता है, जबकि अग्रिम कर समय पर भुगतान करने से यह अतिरिक्त लागत बचाई जा सकती है। उन्होंने ऐसे सभी करदाताओं से आग्रह किया है कि वे स्व-मूल्यांकन कर के स्थान पर 31 मार्च से पहले ही अग्रिम कर का भुगतान करें और वित्तीय अनुशासन का पालन करें। यह न केवल उन्हें अतिरिक्त कर भुगतान से बचेगा, बल्कि कर प्रशासन को भी अधिक सुगमता प्रदान करेगा। करदाताओं से कहा है कि चालू वित्तीय वर्ष में अग्रिम कर का 100% भुगतान की समय सीमा 31 मार्च है।



## खबर संक्षेप

### बरेला, जरहागांव में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आज

**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला एवं जरहागांव के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आज गुरुवार को आयोजित किया जा रहा है। बरेला नपं के जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम दोपहर 1 बजे पंजाब बैंक के पीछे मैदान में आयोजित किया जाएगा वहीं जरहागांव के जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम दोपहर 1.45 बजे से गांधी मैदान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव शामिल होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक पुन्नूलाल मोहले करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनलाल साहू, चोवा दास खांडेकर, दीनानाथ केशरवानी, श्रीकांत पांडेय, शांति देवचरण भास्कर, बंटी जायसवाल उपस्थित रहेंगे।

### लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले पर जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अरईबंद निवासी अशोक खाण्डे 4 फरवरी को अपनी दूपहिया वाहन सीजी 10 ई 2888 से जा रहा था और वाहन जब गुनसरी मोड़ के पास पहुंचा था तभी सामने की ओर से आ रहे दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएल 8071 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## निधन

### ईश्वर प्रसाद शुक्ला

**बिलासपुर।** पंधी निवासी लगरा वाले ईश्वर प्रसाद शुक्ला का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 मार्च को उनके पंधी आश्रम में किया गया। वे विजय, रमेश, नंद कुमार एवं बाल मुकुंद शुक्ला के पिता थे।



### कांति देवी

**बिलासपुर।** क्रांति नगर आर 5 बी1-5 निवासी कांति देवी का 19 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 मार्च को सुबह 11 बजे उनके निवास से भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे बाल किशन रजक की पत्नी, रंजना व शरद रजक की माता थीं।



### देवी कमला नागदेव

**मस्तूरी।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व गोविंदराम नागदेव की पत्नी देवी कमला नागदेव का बुधवार 19 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। वे नरेंद्र, राम, नानकराम एवं सुनील नागदेव की मां थीं। उनकी अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।



## सरगांव के नागरिकों को हो रही निस्तारी की समस्या

# गर्मी की शुरुआत में ही बढ़ा जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

धूप तेज होते ही धीरे-धीरे गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। कहने को तो नगर पंचायत सरगांव में 10 से अधिक तालाब हैं, परंतु गर्मी खत्म होते तक सिर्फ एक तालाब को छोड़कर सभी तालाब सूख जाते हैं। यह आश्चर्य की बात है कि 10 हजार से ऊपर की जनसंख्या वाले नगर पंचायत सरगांव में दैनिक निस्तार के लिए एक भी तलाब अपने मूल स्वरूप में तथा स्वच्छ नहीं है।

पूर्व जनसंख्या शासकीय ट्यूबवेल तथा सरकार द्वारा सरकार द्वारा लगाए नल कनेक्शन पर निर्भर है।अगर किसी कारण से नगर में दो दिन भी बिजली नहीं रही तो पानी के लिए त्राहि-त्राहि मच जाएगी।नगर में बढ़ रहे जनसंख्या दबाव एवं लोगों के निजी स्वार्थ तथा निवास के लिए बनाए जा रहे अवस्थित मकानों ने तालाबों के भरने के प्राकृतिक मार्गों को पूर्ण रूप से बाधित कर दिया है, जिसका परिणाम यह हो रहा है कि तालाब बरसात में पूर्ण रूप से भर नहीं पाते हैं एवं गर्मी के प्रारंभ में ही सूख जाते हैं। इसका सीधा असर नगर के भूगर्भिक जल स्रोतों पर दिख रहा है। स्थानीय प्रशासन जल की पूर्ति के लिए जगह-जगह बोर कर धरती के गर्भ से अंधाधुंध जल खींच रहा है। जितना जल वर्षा से पृथ्वी में समाता है उससे अधिक हम निकाल रहे हैं। ऐसे में साफ एवं स्वच्छ जल भी प्रदूषित होता जा रहा है। जल संरक्षण, जल का सही ढंग से इस्तेमाल, जल का पुनर्उपयोग और भूजल की रिचार्जिंग पर समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इस कारण क्षेत्र में जलसंकट की स्थिति बन रही है।

नगर में पानी की लेयर का कम होना इस बात के संकेत हैं कि यही स्थिति रही तो आने वाले समय में लोगों के सामने जल संकट एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आ सकता है। पिछले साल 30 से 35 फुट पर पानी की लेयर थी, जो अब 35 से 40 पर चली गई है।




गर्मी शुरू होते ही सूख चुका तालाब। दूसरे तालाब में पसरी गंदगी।

### लोग पीते थे पनपिया तालाब का पानी

नगर में कुछ समय पूर्व एक ऐसा तालाब भी था जो इतना स्वच्छ था कि नगर के लोग उसके पानी का उपयोग पीने के लिए करते थे। हालात बदले और तालाब प्रदूषित होता चला गया, लिहाजा अब तालाब में सूखेपन की स्थिति निर्मित हो गई है।

### प्रोजेक्ट प्रस्तावित

नगर से निकलने वाले गंदे पानी को एसटीपी सेंटर के माध्यम से रिसाइकिलिंग कर पीने लायक बनाने हेतु प्रोजेक्ट प्रस्तावित है ताकि नगर में जल समस्या उत्पन्न न हो।

**- परमानंद साहू**, नपं अध्यक्ष

### 10 वर्ष पूर्व गलती आज बनी वरदान

नगर पंचायत सरगांव से नेशनल हाइवे 130 का निर्माण हुआ था, जिसमें नगर के बीचों-बीच स्थित भोयना की घोषित खदान की तरह खुदाई हुई। इसकी गहराई इतनी है कि इसमें चार मंजिला इमारत पूर्ण रूप से डूब जाए। नगर के केंद्र में होने तथा अधिक गहरी होने के कारण भूगर्भिक जल स्रोतों को चार्ज करने का काम इसी के माध्यम से हो रहा है। नगर का अधिकतम गंदा पानी नालियों से होते हुए तालाब में जाता है, जिसके कारण तालाब का पानी गर्मियों में भी ज्यादा तर यथावत रहता है।

### विरासत में मिले तालाब

नगर को विरासत में शासकीय और निजी रूप में समृद्ध तालाबों की श्रृंखला मिली है, परंतु लोगों के व्यक्तिगत स्वार्थ एवं प्रशासन की निष्क्रियता एवं तालाबों के लिए कोई प्रशासनिक नीति ना होने से सब कुछ अव्यवस्थित हो गया है।



# तालाबों को भरने कल छोड़ा जाएगा खूंटाघाट से पानी

**बिलासपुर।** खारंग जलाशय के नहर किनारे बसे गांवों के तालाबों को निस्तारी के लिए भरने खूंटाघाट बांध के बांयी एवं दांयी तट नहरों से 21 मार्च को सुबह 11 पानी छोड़ा जाएगा।

जानकारी के अनुसार कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नहर किनारे बसे गांवों में निस्तारी तालाब को भरने हेतु प्राप्त आवेदनों एवं जन प्रतिनिधियों की मांग तथा ग्रामों में जल की आवश्यकता को देखते हुए खारंग जलाशय के बांयी तट एवं दांयी तट नहरों से पानी छोड़ा जाए। नहर के किनारे के गांवों में जहां निस्तारी हेतु 107 ग्रामों के 211 तालाबों को निस्तारी हेतु भरा जाना प्रस्तावित है। ग्रामवासियों से अपील की गई है कि नहर के पानी का उपयोग केवल निस्तारी हेतु तालाबों को भरने के लिए हो। जल संसाधन विभाग के मैदानी अमलों को भी निर्देशित किया गया है कि जिन गांवों में निस्तारी हेतु तालाब भरे जा सकते है, उन्हें भरने हेतु पानी दिया जाए तथा सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में निस्तारी के अलावा अन्य प्रयोजन हेतु पानी न दिया जाए और न ही पानी का अपव्यय हो।

### डिप्टी सीएम ने दिए बांध से पानी छोड़ने के निर्देश

**लोरमी।** क्षेत्र वासियों की मांग पर मनियारी पर निर्मित राजीव गांधी जलाशय खुड़िया बांध से ग्रामीणों ने नहर एवं नदी एवं तालाबों को दैनिक उपयोग के लिए पानी छोड़ने की मांग की है। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जिला कलेक्टर एवं जल संसाधन विभाग को निर्देशित कर बांध से पानी जल्द छोड़ने कहा गया है।

# आदिवासी क्षेत्रों को बचाने अटल ने उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विधानसभा के बजट सत्र दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों के अनुदान मांगों पर बोलते हुए कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कांग्रेस की ओर से चर्चा में भाग लिया।

विधायक अटल श्रीवास्तव ने पुरजोर ढंग से छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की विकास एवं संरचना की बात की छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने की बात की, जन, जंगल और जमीन पर आदिवासियों एवं वनवासियों के हक की बात की अटल श्रीवास्तव ने कहा कि जिस तरह मध्यप्रदेश के भोपाल में भारत भवन की स्थापना की गई है उसी तरह छत्तीसगढ़ में भी भारत भवन की स्थापना होनी चाहिए और छत्तीसगढ़ का भारत भवन रायपुर में न बनकर बस्तर सरगुजा और बिलासपुर संभाग में बनना चाहिए।

अटल श्रीवास्तव ने अनुदान मांगों के चर्चा के दौरान पुरजोर ढंग से छत्तीसगढ़ के खनिज संसाधनों को लेकर अपनी चिंता जताई विशेषकर बस्तर और सरगुजा जैसे सुदुर वन एवं आदिवासी क्षेत्रों में खनिजों के दोहन में उद्योगपतियों विशेषकर भाजपा के मित्र उद्योग पतियों के लिए रास्ते न खोले जाये, वर्तमान में खनिजों को लेकर की गई ईआक्सन को लेकर भी उन्होने आशंका जताई। अटल श्रीवास्तव ने बस्तर को लेकर कहा कि लगातार केन्द्रीय गृहमंत्री बस्तर आ रहे है मुख्यमंत्री लगातार दिल्ली जा रहे है और केवल बस्तर के रोड मैप की बात कर रहे हैं, बस्तरवासियों के आंखों में धूल झोंककर बस्तर के लौह अयस्क, सोना, बाक्साइड निकल लिथियम सहित 44 खनिज ब्लॉको का ईनिलामी कर दिया गया। अटल श्रीवास्तव ने बिलासपुर में हवाई सेवा को लेकर अपनी बात कही अटल श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ सरकार से यह पूछा कि बिलासपुर हवाई सेवा के लिए बजट में राशि के प्रावधान क्यों नहीं है 4सी लाइसेंस एवं नाईट लैडिंग के कार्य के लिए बजट में प्रावधान किया जाना था, बिलासपुर में एसईसीएल हेडक्वाटर रेल्वे जोन हेडक्वाटर एनटीपीसी मेडिकल कॉलेज केन्द्रीय विश्वविद्यालय जैसे संस्थान है तो हवाई सेवा क्यों नहीं होना चाहिए अटल श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जानबुझकर बिलासपुर हवाई सेवा की उपेक्षा कर रही है।



▪ कोटा विधायक ने बिलासपुर में हवाई सेवा के लिए बजट का प्रावधान नहीं किए जाने को लेकर आवाज उठाई

# सिद्ध मुनि आश्रम दलहा गिरी पोड़ी में रुद्र महायज्ञ एवं धर्म सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

विश्व कल्याण की मंगल कामना को लेकर सिद्ध मुनि आश्रम दल्हागिरी में मंगलवार से भव्य कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से शुरू हुई एवं सूर्य कुण्ड से जल भरकर वापस यज्ञ मंडप में समाप्त हई। मुख्य यज्ञाचार्य पं बजरंग पांडेय, कथावाचक पं कौशल किशोर दुबे, मुख्य यजमान पं नंद कुमार गुरुद्वान, मदन मोहन सिंह व सभी सहयोगियों, भक्तों की उपस्थिति में कथा का शुभारंभ किया गया।

पं उमाशंकर गुरुद्वान ने बताया कि यज्ञ का आयोजन 18 से 28 मार्च तक किया जा रहा है जिसमें श्रीमद् भागवत कथा का विशेष आयोजन भी किया गया है। प्रतिदिन मंडप में पूजन-हवन, महामंत्र, संकीर्तन, भागवत कथा महाआरती की जाएगी। इस महायज्ञ में यज्ञाचार्य के रूप में पंडित बजरंग पांडेय दमऊ, पंडित रवि शंकर मिश्रा कोरबा, पंडित गोपाल प्रसाद पांडेय दमऊ, पंडित शंकर पांडेय दमऊ, पं निरंजन तिवारी सक्ति, पंडित वेद प्रसाद प्रकाश शर्मा सक्ति, पंडित तुंगेश्वर पांडेय जावलपुर, पंडित आशीष दुबे चंगोरी, पंडित एकलव्य शुक्ला जूनाडीह, पंडित अश्वनी शर्मा बिटकुला, पंडित गोकुल प्रसाद दुबे चंगोरी, पंडित अमर गुरुद्वान चंगोरी, पंडित उमाशंकर गुरुद्वान चंगोरी प्रमुख रूप से शामिल होंगे। व्यासपीठ के कथावाचक मुख्य रूप में कौशल किशोर दुबे श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का वाचन करेंगे। इसमें मुख्य यजमान के रूप में नंदकुमार गुरुद्वान चंगोरी, मदन मोहन सिंह साकर हैं। इस महायज्ञ को सफल बनाने ग्राम पड़रिया, कटघरी, खटोला, पोड़ी, दल्हा, चंगोरी, धनपुर, पिपरदा, सांकर, अमलीपाली, सोनडीह, मधुआ, फरहदा, चंदनिया, बाना, परसाही, दोरला, अकलतरी, सोनादुला, ऊनी, कुली, बछौद, झिरिया, पचरी बलौदा, अकलतरा एवं समस्त क्षेत्रवासी जुटे हुए हैं।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धाल।

### शराब के नशे में गाली गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** शराब के नशे में आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जोगीपुर निवासी सतीश लहरे 18 मार्च को रात में वह घर में था और तभी रात्रि 8 बजे उसके घर के सामने जोर जोर से जगदीश लहरे और प्रकाश लहरे शराब के नशे में गाली गलौज कर रहे थे और जब सतीश ने मना किया तो दोनों आरोपीयों ने रोकने वाले कौन होते हुए कहते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। पुलिस ने धारा 296, 351,2 115,2, 3, 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।


### आम सूचना का खण्डन

मै अपने पक्षकार से अधिकृत व निर्देशित होकर दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि बिलासपुर सोमवार 17 मार्च 2025 के पृष्ठ क्रमांक-5 में दिनेश वर्मा पिता स्व. शिवशंकर वर्मा निवासी जूना बिलासपुर से अधिकृत होकर श्री संदीप कुमार द्विवेदी द्वारा प्रकाशित आम सूचना का निम्नानुसार खण्डन प्रकाशित करता हूं :-

सर्व साधारण को सूचित हो कि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 22/36 तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 239/1, 240/7, 312/8, 319/5, 326/7, 327, 330, 332/2 रकबा क्रमश: 0. 262, 0.024, 0.008, 0.028, 0.142, 0.093, 0.061, 0.174 कुल रकबा 0.792 हेक्टेयर सुरेश वर्मा एवं उनके अन्य भाई दिनेश कुमार, अनिल कुमार, सुशील कुमार, सुनील कुमार एवं बहनो ममता, कविता एवं योगिता के सम्मिलित स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि को विभाजन के लिए सुरेश वर्मा एवं अन्य ने आवेदन प्रस्तुत किया था जिस पर श्रीमान तहसीलदार बिलासपुर ने रा.प्र.क्र. 38/अ-27/2019-20 पंजीबद्ध कर अन्य के अतिरिक्त दिनेश वर्मा को सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 31/1/2020 को खाता विभाजन का आदेश पारीत किया और सभी खातेदारो के नाम पर खाता विभाजन किया गया। खातेदार अनिल कुमार, सुनील कुमार, श्रीमति ममता, श्रीमति कविता, श्रीमति योगिता, सुशील कुमार ने अपने हिस्से की भूमियों को करमवीर सिंह आयु 46 वर्ष पिता श्री रामगुलाम सिंह निवासी अल्का एवेन्यू उस्लापुर एवं अन्य को को विक्रय का सौदा किये थे, उक्त अनुबंधित भूमि को करमवीर सिंह से अजय कुमार सिदारा पिता स्व. हरिराम सिदार निवासी जूना बिलासपुर ने क्रय करने का अनुबंध करते हुए विक्रेतागण की जानकारी में अनुबंधित केता करमवीर सिंह को अग्रिम धन प्रदान किया और अंश भूमि को पंजीकृत विक्रयपत्र भी निष्पादित कराया है।

दिनेश कुमार वर्मा एवं उसके पुत्र विवेक वर्मा पूर्व में सभी हिस्सेदारों की भूमि को हस्तगत करने फर्जी एवं कुटरचित वसीयतनामा उनके पिता शिवशंकर वर्मा के नाम से तैयार कर लिया था जो जांच में फर्जी पाया गया और वसीयत के आधार पर नामांतरण आवेदन को निरस्त कर दिया गया इसके पश्चात सभी खातेदारो को जानकारी दिये बिना दिनेश कुमार अपने पुत्र विवेक वर्मा के नाम से फर्जी नामांतरण दर्ज करा लिया जिसकी जानकारी होने पर श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी रा0 बिलासपुर ने अपील प्रकरण में स्थगन आदेश पारीत किया और सुनवाई उपरांत कथित फर्जी नामांतरण को निरस्त करते हुए सभी खातेदारो का नाम दर्ज किये जाने का आदेश पारीत किया इस प्रकार दिनेश कुमार वर्मा अपने भाई-बहनो एवं क्रेतागण की संपत्ति को हस्तगत करने फर्जी एवं कुटरचित दस्तावेज तैयार कर पीठ पिछे धोखाधड़ी करने का आदि रहा है जबकि सभी खातेदार निर्विवाद अपने अपने अंश पर दाखिल काबिज एवं अंतरण करते चले आ रहे है तथापि दिनेश वर्मा निहीत स्वार्थ वश संजय सिदारा एवं विजय सिदारा का नाम शामिल करते हुए पूर्णत: असत्य कथनो पर आधारित मानहानिकारक आम सूचना प्रकाशित कराया है जबकि उक्त वर्णित भूमि के किसी भी अंश से संजय सिदारा या विजय सिदारा का कोई संबंध नही है और अजय सिदारा ने भी भूमि अनुंबधित क्रेता से सौदा किया है, दिनेश कुमार वर्मा द्वारा असत्य, अवैधानिक एवं मानहानिकारक प्रकाशित आम सूचना के संबंध में अलग से कार्यवाही करने का अधिकार मेरे पक्षकारगण सुरक्षित रखते हुए यह आम सूचना का खण्डन प्रकाशित कर रहे है।

अत: कोई भी व्यक्ति संस्था निकाय आम सूचना में वर्णित भूमि को कथित दिनेश वर्मा के स्वत्व एवं आधिपत्य नही होने से बय बिक्री या अन्यथा संकात का कोई संव्यवहार नही करे इसके बाद भी कोई संव्यवहार किया जाता है तब वह प्रारंभत: अवैध शुन्य होगा।

दिनांक 19/3/2025

ऐश्वर्य पाण्डेय, अधिवक्ता
शुभम विहार, ओम जोन गेट के पास
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 94252-29364, 83194-33844

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार से अधिकृत एवं निर्देशित होकर आम सूचना सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित कराता हूँ कि ग्राम-सीपत मन 4, प.ह.नं.04, रा.नि.मं. सीपत, ब्लाक-मस्तुरी, तहसील सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.) अंतर्गत स्थित खसरा नंबर 173/1, 174/2, 175/2 रकबा क्रमशः 0.0670 हेक्टेयर, 0.0990 हेक्टेयर, 0.0400 हेक्टेयर कुल रकबा 0.51 ए./0.2060 हेक्टेयर जो कि जमीन मालिक-श्री रामलाल सलुजा पिता नत्थुलाल सलुजा के नाम पर राजस्व अभिलेखो में दर्ज है जिसे मेरा पक्षकार श्री शिव प्रकाश द्विवेदी पिता स्व. बृजभान प्रसाद द्विवेदी, जाति-ब्राह्मण, पेशा-व्यापार, निवासी विद्यानगर बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बतौर ब्याना के रूप में राशि विक्रेता को अदा किया गया है है एवं निकट भविष्य में उक्त भूमि का पंजीयन मेरा पक्षकार द्वारा किया जाना है। उक्त भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किये जाने पर अगर किसी व्यक्ति, किसी राष्ट्रीय कृत बैंको, वित्तीय संस्थानों या अन्य व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर समस्त मय लिखित दस्तावेजों के साथ नीचे लिखे पता पर प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्ति के बाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। सो सूचना जाने।

स्थान-बिलासपुर
दिनांक 19.03.2025

राकेश पाण्डेय अधिवक्ता, सिविल कोर्ट
बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9827174485

### ऋण पुस्तिका गुमा है

बिलासपुर मंगला चौक से पटवारी कार्यालय, अमन विहार चड्डा बाड़ी के बीच पंकज गुप्ता के नाम से ऋण पुस्तिका जिसका क्रमांक 2996239 खसरा नंबर 393/3 है। कही गिर गया है जिस किसी सज्जन को मिले कृपया निम्न पते पर संपर्क करें।

नाम-पंकज गुप्ता
पता-LIG-03,
नूतन इंक्लेव,
नूतन चौक, सरकंडा
बिलासपुर
मो. 7869955993

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25
ग्राम-लोरमी, प.ह.नं. 28 तह. लोरमी
पक्षकार-श्री विश्वास+01 **बनाम** छ.ग. शासन।

आवेदकगण श्री विश्वास वल्द अनिल कुमार एवं सुलोचना पिता अनिल कुमार, जाति ब्राम्हण, निवासी ग्राम लोरमी, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम लोरमी प.ह.नं. 28 तहसील लोरमी, जिला मुंगेली स्थित अपने संयुक्त खाते की भूमि ख.नं. 423/1 रकबा 0.0040 हेक्टे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, मिशल, किसान किताब, अधिकार अभिलेख की प्रति प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.03.2025 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 12.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

### आम सूचना

मै करण राजपूत उम्र 35 वर्ष पिता श्री माधो राजपूत जाति लोधि निवासी ग्राम-पुटपुरा, तहसील नवागढ़, जिला- बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूँ। जो कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै भारतीय जीवन बीमा निगम से पॉलिसी क्र. 358009896 दिनांक 14-12-2009 को पॉलिसी लिया था जिसमे मेरा नाम करण सिंह वर्मा त्रुटी वश गलत दर्ज है लेकिन मेरे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, बैक खाता एवं राशन कार्ड मे मेरा नाम करण राजपूत अंकित है अत: मुझे भाविष्य मे शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों मे करण राजपूत के नाम से ही जाना पहचाना जावे ।

भवदीय
करण राजपूत
पिता श्री माधो राजपूत
निवासी ग्राम-पुटपुरा, तहसील नवागढ़ जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/वा.-तह./20
बिलासपुर, दिनांक 17.03.2025

मौजा जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 103/1 रकबा 0.0466 हे. वर्गफुट / एकड़ हेतु आवेदक अली हुसैन, मासीन हुसैन, जुल्फकाद हुसैन, पिता/पति मुहम्मद हुसैन निवासी..... तहसील बिलासपुर व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् फौती डायवर्सन नामांतरण/ बैनामा रजिस्ट्री डायवर्सन नामांतरण/वसीयत से प्राप्त डायवर्सन/दानपत्र डायवर्सन नामांतरण/हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 26.03.2025 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे। आज दिनांक 12.03.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार कादर खान पिता श्री हमीद खान निवासी ओम नगर जरहाभाठा तह. व जिला बिलासपुर के द्वारा अधिकृत व निर्दिष्ट होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं-यह कि ग्राम अमने रा.नि.मं. कोटा, तह. कोटा जिला बिलासपुर जो कि समसत राजस्व अभिलेखों में (1) दिपक पुरी पिता मुकेश पुरी (2) शिवेश खूल्लर के नाम पर दर्ज है जिसका खसरा नं. क्रमश: 1214, 1216, 1208, 1216/1, 1158/1, 1211, 1215 कुल रकबा 2.22 एकड़ को बेचने का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा 05/02/2024 को किया गया है तथा प्रतिफल की राशि आंशिक रूप से प्राप्त कर ली गई है निकट भविष्य में मेरे पक्षकार के नाम व उसके बताये नाम के अनुसार विक्रय विलेख कय लिया जायेगा।

अत: उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय/अर्द्ध शासकीय कार्यालय या अन्य किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। तथा इसके बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी/तथा पंजीयन करा लिया जायेगा।

दिनांक- स्थान- बिलासपुर

अधिवक्ता, हेमंत दिव्य
पता-ओम नगर, जरहाभाठा बिलासपुर
मो.नं.7000599300

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

सीमांकन के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र

प्रति आवेदक/आवेदिका मुकेश अग्रवाल आ. पवन कुमार आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी उत्तर सत्यालाल, दक्षिण अजय कौशिक पूर्व विक्रेता की जमीन पश्चिम रामायण।

विषय -मौका जांच/सीमाकन के समय उपस्थित होने हेतू सूचना के संबंध में।

संदर्भ: न्याया नाय. तह बोदरी के ज्ञापन क्रमांक/क/तह./वा/2024 बोदरी दिनांक 09/12/2024

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/आवेदिका मुकेश अग्रवाल पिता/पति पवन कुमार जाति सामान्य निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.न 01 रानिम द तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 35/1 (म.न. 2) रकबा 0.1420 हे. का सीमांकन किये हेतू न्याया. नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 20/03/25 को 12.00 बजे को किया जाना है। अत: आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

तहसील बोदरी जिला बिलासपुर

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार शहनवाज खान उम्र 42 वर्ष पिता इस्माईल खान निवासी भारतीय नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. वाले से अधिकृत होकर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशन कराता हूँ कृपया अवगत होवें कि सुखवंत सिंह पिता श्री जोगेन्दर सिंह निवासी ग्रीन पार्क कालोनी जरहाभाठा बिलासपुर के नाम से उसके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं.-36, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 734/1 मे रकबा 0.17 एकड भूमि मे से 0.85 एकड भूमि को क्रय करने हेतु इकरारनामा मेरे पक्षकार शहनवाज खान से किया गया है। उक्त भूमि का अग्रिम बयाना राशि दिया जा चुका है। जिसका निकट भविष्य में मेरे पक्षकार के द्वारा या उनके बताये अनुसार पंजीयन कार्यालय बिलासपुर में पंजीयन होना है उपरोक्त भूमि के क्रय-विक्रय से जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सहित 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर अपनी दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है उक्त समयावधि पश्चात कोई दावा /आपत्ति की जाती है तो वह अमान्य होगी मेरे पक्षकार की कोई जवाबदारी नहीं होगी। सो आम सूचना जानें!

दिनांक- 19/03/2025

भवदीय
नारायण प्रसाद सोनी, अधिवक्ता
छ.ग. हाईकोर्ट बिलासपुर (छ.ग.)
निवास/कार्यालय हेमुनगर ओव्हरब्रिज के पास जे. पी. हास्पिटल के सामने गणेश नगर बिलासपुर छ. ग. मो. नं.-9827912090

### Name Change

It Is Informed To The General Public That I, Vikash Agrawal S/o Mohan Lal Agrawal Resident Of House No. 126, Ward No. 18, Tilak Nagar, Chatapara, In Front Of Brihaspati Bazar, Bilaspur, C.g. – 495001 Have Changed My Old Name Vikas Agrawal S/o Mohan Lal Agrawal, So Future I Shouldbe Recognized By My New Name That Is Vikash Agrawal S/o Mohan Lal Agrawal In All Government And Other Documents.

**Vikash Agrawal**
S/o Mohan Lal Agrawal
House No. 126, Ward No. 18, Tilak Nagar, Chatapara, In Front Of Brihaspati Bazar, Bilaspur, C.G. 495001

### Name Change

It Is Informed To The General Public That I, Arti Agrawal W/o Vikash Agrawal Resident Of House No. 126, Ward No. 18, Tilak Nagar, Chatapara, In Front Of Brihaspati Bazar, Bilaspur, C.g. – 495001 Have Changed My Old Name Aarti Agrawal W/o Vikash Agrawal, So Future I Shouldbe Recognized By My New Name That Is Arti Agrawal W/o Vikash Agrawal In All Government And Other Documents.

**Arti Agrawal**
W/o Vikash Agrawal
House No. 126, Ward No. 18, Tilak Nagar, Chatapara, In Front Of Brihaspati Bazar, Bilaspur, C.G. 495001

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 06/03/2025

प्रति,
1. आवेदक गोयंदिराम यादव पिता इतवारी लाल आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. कैलाश गोंड़ सा. मोहरा 3. देवी प्रसाद कुबंज सा. मोपका 4. अशोक गोड़ सा. मोहरा एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

**विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।**

संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/Q/तह./ना.तह. वा./2024 बिलासपुर दिनांक 10/01/2025

ग्राम मोहरा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 799/2 रकबा 0.2420 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक गोयंदिराम यादव निवासी मोहरा के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार /ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 27.03.2025 को समय 12:00 से 05:00 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
मोपका

### कार्यालय पटवारी हल्का नंबर 25 रा.नि.मं. कोनी तहसील-बिलासपुर (छ.ग.)

दिनांक 17.03.2025

प्रति,
1. राजन बाजपेयी 2. बी.डी. घमगाये, 3. खेदू 4. कांशीराम 5. अन्य हितबद्ध पक्षकार

विषय: सीमांकन/स्थल जांच के समय मौके पर उपस्थित होने बाबत्।

संदर्भ: न्याया.अ.वि.अ./तहसीलदार/ अति. तहसीलदार/ना. तहसीलदार के ज्ञापन क्र............

विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम खमतराई प.ह.नं.25 रा.नि.मं. कोनी तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर अंतर्गत आवेदक राजन बाजपेयी पिता/पति शिवनारायण बाजपेयी निवासी गोड़पारा द्वारा आवेदित ग्राम खमतराई स्थित भूमि ख.नं. 437/1 रकबा 0.08 एकड़ का सीमांकन/स्थल जांच संदर्भित आदेशानुसार राजस्व निरीक्षक/गठित टीम के द्वारा किया जाना है। इस हेतु से आप अपना उक्त भूमि से संबंधित समस्त कागजात लेकर दिनांक 26.03.2025 को प्रात:/दोपहर 11:00 से 5:30 बजे स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने की दशा में आपकी मौन स्वीकृति मानकर सीमांकन/स्थल जांच किया जायेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

रमेश कुमार वैष्णव
पटवारी, प.ह.नं.-25, रा.नि.मं. कोनी
तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25
ग्राम- तुलसाघाट, प.ह.नं. 16 तह. लोरमी
पक्षकार-नरेन्द्र खत्री **बनाम** छ.ग. शासन।

आवेदक नरेन्द्र खत्री पिता रीखमचंद खत्री, जाति खत्री, निवासी ग्राम लोरमी, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम तुलसाघाट प.ह.नं. 16 तहसील लोरमी, जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 21/7 रकबा 0.405 हेक्टे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्र, बैनामा, बी-1, खसरा, नक्शा, मिशल की प्रति प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.03.2025 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 12.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

### आम सूचना

मै अपने पक्षकार श्री विजय किरण आत्मज श्री घासीराम किरण साकिन खमतराई जिला बिलासपुर के द्वारा अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि, मौजा ग्राम बिजौर में अवस्थित भूमि ख.क्रं. 171/2 में से 3052 वर्गफीट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा विक्रेता अनिल लिबर्टी आ. श्री पतिराम लिबर्टी साकिन ग्राम बिजौर से कर लिया है जिसका पंजीयन निकट भविष्य में करा लिया जावेगा।

अत: जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक अथवा निकाय को आपत्ति हो तो 20 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के सम्पर्क करें।

सो सूचना जाने

भवदीय
संतोष कुमार यादव (अधिवक्ता)
एकता कालोनी अशोक नगर
सरकण्डा बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 7224861966

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 20 मार्च 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



उपलब्धि

## शहर के अनिमेष का भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन

**बिलासपुर**। सूर्य विहार निवासी अनिमेष चतुर्वेदी का भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन हुआ है। महज 23 वर्ष की उम्र में यह उपलब्धि हासिल कर उन्होंने क्षेत्र के युवाओं के लिए मिसाल पेश की है। ले. अनिमेष ने अपनी स्कूली शिक्षा महर्षि विद्या मंदिर, मंगला, बिलासपुर से पूरी की और 12वीं सीबीएसई बोर्ड से उत्तीर्ण किया। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। शुरू से ही पढ़ाई में उत्कृष्ट रहे अनिमेष ने सेना में जाने का सपना देखा और कठिन परिश्रम से उसे साकार किया। पिता संजय चौबे ने बताया कि उनके व्यक्तित्व निर्माण और अनुशासित जीवन शैली में उनकी बुआ पूनम तिवारी और स्व. यू.एस. तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही उनकी बहन गुंजन तिवारी, जो छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं, और डॉ. कृष्णा ने पढ़ाई में मार्गदर्शन दिया। वहीं सेना में जाने की प्रेरणा उन्हें उनके चाचा आनंद नाथ चौबे से मिली। ले. अनिमेष चतुर्वेदी पढ़ाई के साथ-साथ एक उत्कृष्ट बांसुरी वादक भी हैं। उन्होंने अपने स्कूल समय में महर्षि विद्या मंदिर के रीजनल प्रतियोगिता में पदक जीता था। आगे चलकर उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज का प्रतिनिधित्व करते हुए मुंबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय म्यूजिकल फेस्ट में बांसुरी वादन की शानदार प्रस्तुति दी। संगीत के क्षेत्र में उन्होंने कई पुरस्कार अपने नाम किए हैं। सैन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में उनके उत्कृष्ट बांसुरी वादन के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



वेकैंसी

## यूपीएससी ने असिस्टेंट प्रोफेसर सहित अन्य पदों पर निकाली भर्ती

**बिलासपुर**। संघ लोक सेवा आयोग ने डेंजरस गुड्स इंस्पेक्टर, इंग्लिश, हिन्दी, जियोग्राफी समेत अन्य ढेरों पदों पर असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। भर्ती का आधिकारिक विज्ञापन जारी हो गया है। वहीं 8 मार्च से यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस भर्ती में उम्मीदवार अंतिम तिथि 28 मार्च 2025 तक फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके बाद एप्लिकेशन का लिंक बंद हो जाएगा। असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर फॉर्म भरने के लिए उम्मीदवारों के पास संबंधित विषय में कम से कम 55% अंकों के साथ मास्टर डिग्री होनी चाहिए। साथ ही UGC NET/SLET/SET परीक्षा में उत्तीर्ण होना भी जरूरी है। वहीं M.Phil या Ph.D में 11 जुलाई 2009 से पहले पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों को NET परीक्षा से छूट मिलेगी। डेंजरस गुड्स इंस्पेक्टर के लिए किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन, डेंजरस गुड्स ट्रेनिंग कोर्स, और 5 साल का अनुभव होना चाहिए।

गठन

## विश्व हिन्दू परिषद ने बैठक में कार्यकारिणी का किया विस्तार

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ विश्व हिन्दू परिषद प्रांत की बैठक हुई,जिसमे मुख्या वक्ता के रूप में केंद्रीय सेवा प्रमुख अजय पारिख, प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडेय, संगठन मंत्री नन्द दास उपस्थित थे। प्रांत एवम जिले के नवीन दाइत्वों की घोषणा की गयी जिसमें बिलासपुर से प्रमुख रूप से मनीष मोटवानी प्रांत सह सेवा प्रमुख का दायित्व दिया गया। जिले की में भी कार्यकर्ताओ का नियोजन किया गया जिसमे जिला कोषाध्यक्ष विकास शर्मा,जिला संयोजिका भूमिका रॉयल, जिला सत्संग प्रमुख संदीप पाठक, जिला सहसंयोजक बजरंग दल नीलेश राव निर्वहन करेंगे। विश्व हिन्दू परिषद् जिला कार्यकारिणी में अंकुश सिंह को संलग्न किया गया है। विश्व हिन्दू परिषद् बिलासपुर विभाग से विभाग मंत्री राजीव शर्मा, जिला मंत्री राजीव अग्रवाल, जिला संयोजक रुपेश शुक्ला उपस्थित थे।

मोटिवेशन

## अभ्यर्थियों में तनाव का माहौल सही कॅरियर का चयन बड़ी समस्या

**बिलासपुर**। बोर्ड परीक्षा में कुशल परिणाम को लेकर विद्यार्थियों का तनाव बढ़ता जा रहा है, क्या मैं पास हो पाऊंगा? 11वीं कक्षा में किस विषय का चयन करना सही है? प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करना उचित है या नहीं? जैसे प्रश्न लगातार काउंसलर से पूछे जा रहे हैं। परीक्षा के साथ विद्यार्थियों के मन में प्रश्नों का सैलाब भी तेजी से उमड़ता जा रहा है। इस स्थिति में बच्चे जरूरत से अधिक चिंता कर रहे। तनाव से घिरे विद्यार्थियों को चिंतामुक्त करने के लिए हरिभूमि टीम द्वारा काउंसलर से चर्चा की गई, जिन्होंने अभ्यर्थियों के पूछे गए प्रश्नों का जवाब सरल शब्दों में समझाने का प्रयास किया है। इन दिनों सीबीएसई और सीजीबोर्ड एग्जाम की बेहतर तैयारी में विद्यार्थी कड़ी मेहनत कर रहे, ताकि वे अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। इस स्थिति में बच्चों में तनाव भी बढ़ता जा रहा है, जो अपने अच्छे भविष्य की चिंता में हैं। 'काउंसलर के अनुसार, परीक्षा परिणाम के अंक अभ्यर्थियों की तैयारी पर निर्धारित हैं। सालभर पढ़ने वाले बच्चों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि जिन बच्चों ने एग्जाम से पहले तैयारी की, वे भी पास हो सकते हैं।



होली के पांचवें दिन बुधवार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को रंग पंचमी मनाई गई। इस दिन देवी-देवताओं की विशेष पूजा कर व पकवान बनाकर भगवान को भोग लगाया गया। कुछ महिला संगठनों ने रंग खेल कर होली मिलन समारोह आयोजित किया। इसकी शुरुआत होली के अगले दिन से हो जाती है, जो पंचमी तक चलती है।

# रंग पंचमी पर विशेष पूजा, होली मिलन पर उड़े रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

द्वापर युग में शुरू हुई यह परंपरा आज भी चल रही है। ऐसी मान्यता है कि रंग पंचमी के दिन राधा-कृष्ण अपना वेश बदलकर भक्तों के साथ होली खेलने पृथ्वी पर आते हैं। वहीं कृष्ण ने गोपियों के साथ रासलीला रचाई थी और दूसरे दिन रंग खेल कर उत्सव मनाया था। ज्योतिषियों के अनुसार देवी-देवताओं का आह्वान करने के लिए यह त्योहार मनाया जाता है। रंग पंचमी पर पवित्र मन से पूजा, पाठ करने पर देवी देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। रंग पंचमी को बुरी शक्तियों पर जीत पाने का पर्व भी कहा जाता है। माना जाता है कि त्रेतायुग की शुरुआत में ही भगवान विष्णु ने धूलि वंदन किया। इसका मतलब यह है कि उस समय भगवान विष्णु ने अलग-अलग रंगों से भरे रूप लिया था। त्रेता युग में भगवान के तेज से ही अलग-अलग रंग निकले। इसलिए माना जाता है कि अलग-अलग रंगों को हवा में उड़ाना धूलि वंदन होता है और उन रंगों की देवीय चमक से भगवान खुश होते हैं। वास्तव में रंग पंचमी होली का ही एक रूप है।

### महिला संगठनों ने रंग खेल कर मनाया होली मिलन



### होली उत्सव में हास्य कवि सम्मेलन

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी और स्वयं सेवकों का होली मिलन समारोह रंग पंचमी के अवसर पर मनाया गया सीएमडी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयर पर्सन डॉ संजय दुबे ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सभी को होली पर्व की बधाई देते हुए सभी की खुशहाली की कामना किए। कार्यक्रम के दूसरे चरण में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें गीतकार मनोहर दास मानिकपुरी ने अपनी छत्तीसगढ़ी रचना से होली गीत प्रस्तुत किया, सनत तिवारी ने लोगों को खूब हंसाया कवि बुधराम यादव ने अपनी हिंदी और छत्तीसगढ़ी रचना से सबका मन मोह लिया। कवयित्री डॉ संगीता सरगम ने अपनी श्रृंगारिकता पूर्ण गीत से कार्यक्रम में शमा बांध दिया। डॉ अजय कुमार पाठक ने अपने उद्बोधन में कविता की गहराई और महता, होली पर्व की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को अच्छी कविता लिखने, और विषय के साथ साहित्य, और संस्कृति को पढ़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ संजय सिंह, जिला संगठन क्रांति अंचल, डॉ कमलेश कुमार शुक्ला शामिल रहे। कार्यक्रम अधिकारी में मनोज सिन्हा, शीतेश जैन कोटा, शत्रुघ्न घृतलहरे युपेश कुमार, मुकेश सोनी, अरविंद पांडे,मुशर्लिन खान, अरविंद कुमार पांडे, मोना केवट, निर्मला बंजारे, सीमा, रेखा गुल्ला उपस्थित रहे।

### स्पेशल बच्चों के साथ मनाई रंग पंचमी

लीनेस क्लब बिलासपुर मेन ने बुधवार को आनंद निकेतन विद्यालय वेयर हाउस रोड में मूक बधिर बच्चों के साथ रंग पंचमी मनाई। सभी बच्चों को रंग गुलाल लगाकर उन्हें होली की बधाई दी एवं स्वल्पाहार करा मिष्ठान वितरित किया गया। क्लब के सदस्यों को अपने बीच पाकर सभी बच्चे खुश हुए और उन्होंने अपने सांकेतिक भाषा में हम सभी को होली की बधाई दी एवं धन्यवाद दिया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष गायत्री कश्यप, सचिव चित्रलेखा कांसकार, एरिया ऑफिसर शोभा चाहिल, वीणा अग्रवाल, रश्मि लता मिश्रा, संतोष सराफ, मंजू शाह, तृप्ति, प्राचार्य शोभना शुक्ला सहित अन्य शिक्षिकाएं, स्टाफ व कर्मचारी उपस्थित थे।



### 30 वर्षों के कार्यक्रम से बिलासा नगरी को मिली एक नई पहचान



### संस्कृति को जीवित रखने का कार्य कर रहे

होली पंचमी का रंग बेलतरा-सीपत के संग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ विधायक अमर अग्रवाल, अध्यक्षता बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विशिष्ठ अतिथि सभापति नगर निगम विनोद सोनी एवं भाजपा कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि ने इस वर्ष का बसंत अलंकरण बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विनय पाठक, पद्मश्री पं. रामलाल बरेठ , वरिष्ठ पत्रकार के के. शर्मा एवं समाजसेवी अध्यक्ष महेन्द्र जैन को अलंकृत किया। अलंकरण में प्रत्येक को पटुका, श्रीफल साल, अभिषेक स्मृति चिन्ह होली-टोपी चश्मा व रोचना लगाकर स्वागत किया। 30 वर्षों से लगातार संचालित इस कार्यक्रम में बिलासा नगरी भी एक पहचान के रूप में प्रस्थापित हुई है जिसे उपस्थित विद्वानों ने स्वीकार किया अमर अग्रवाल ने कहा कि चन्द्रप्रकाश बाजपेयी जो नगर के बासंती रूचि सम्पन्न छत्तीसगढ़ी संस्कृति को जीवित रखने का कार्य विगत 30 वर्षों से कर रहे हैं मैं बाजपेयी परिवार को बधाई देता हूँ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा मेरी शुभकामनाएं है कि यह परम्परा बाजपेयी परिवार चिरकाल तक बनाये रखने में सफल हो। कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक चन्द्रप्रकाश बाजपेयी, सरपंच बेलतरा सुरेश कश्यप, सरपंच सीपत मनीषा योगेश वंशकार, पूर्व पार्षद अखिलेश चन्द्र बाजपेयी, पार्षद नीतिन पटेल, त्रिवेणी भोई, विष्णू यादव, विभा गौरहा, महेन्द्र टंडन, दीपेश शुक्ला ने किया।

### प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज ने मनाया होली मिलन

प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज द्वारा होली मिलन मनाया गया, रंगों के पावन पर्व पर समाज के वरिष्ठ, संरक्षक और सभी सदस्यों ने परिवार सहित इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दी। रंगों के माध्यम से एकता के भाव का प्रदर्शन किया समाज के सभी गृहणियों और बच्चों का भी रंगा रंग कार्यक्रम रहा। नगाड़ों की थाप पर फाग संगीत चला, जिसकी प्रस्तुति अजय स्वर्णकार और उनके अनुज विजय स्वर्णकार ने दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नंदू सोनी ने संरक्षकों को गुलाल लगाकर समारोह प्रारंभ किया, मुख रूप से अजय पोतदार,पुरुषोत्तम सोनी, सी एल सोनी, राजकुमार सोनी, अनुप सोनी, मारखंडे सोनी, अनिल सोनी, लक्ष्मीनारायण सोनी, सूर्यकांत सोनी, नरेंद्र सोनी, वेद कुमार सोनी, पवन सोनी, बालकृष्ण सोनी, संदीप सोनी, राजकुमार कन्नौजे, रूद्र नारायण सोनी, रमेश सोनी, संतोष सोनी, गोविंद सोनी, सुरेश कुमार सोनी, गुनाराम सोनी सहित अन्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



### महिला एवं युवा यादव समाज के लोग फाग पर झूमे

यादव समाज कल्याण के समिति नगर अध्यक्ष दुर्गेश यदु द्वारा बंगला भवन तोरवा में आयोजित होली मिलन समारोह के अवसर दुर्गेश यादव शामिल हुए। इस अवसर पर जिला युवा अध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि होली का जश्न मनाकर लोग वसंत ऋतु के आगमन का जश्न मनाते हैं और अच्छी फसल के लिए ईश्वर को धन्यवाद देते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रुप में महिला व युवा यादव समाज से मालती मनेंद्र यादव, सरिता यादव, रेवती सुनील यादव, दीपा यादव, सुनीता रामलाल यादव, प्रियंका यादव मनीषा यादव, विशिष्ट अतिथि के रुप में टीका राम यादव सरपंच सिलपहरी, बद्रिका नन्दकिशोर यादव तेरस यादव, अनिल यादव, मनोज यादव, रोहित यादव, गौरीशंकर यादव मौजूद रहे।



## पारंपरिक वेश में लोक नृत्य की प्रस्तुति

**बिलासपुर**। पतंजलि संस्थान महामाया विहार में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में शिव सारथी, शिव शंकर अग्रवाल के नेतृत्व में हरिहर महिला विंग की सदस्यों ने बुधवार को पारंपरिक वेश में लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। लय, ताल के साथ पेश इस प्रस्तुति से माहौल सांस्कृतिकमय बना रहा। इन सदस्यों ने बताया कि उनके द्वारा पर्यावरण सेवा, संरक्षण के साथ ही छत्तीसगढ़ी लोक कला संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। अभी तक उनकी इस टीम ने आईएमए बिलासपुर, प्रार्थना भवन बिलासपुर, प्रयास अकादमी मोपका, हरिहर ऑक्सीजोन परिक्षेत्र, लाम्बा फाउंडेशन पेंड्रा में प्रस्तुति देकर धूम मचा चुकी है। अब उन्हें पतंजलि संस्थान में प्रस्तुति देने का मौका मिला। इनकी इस शानदार प्रस्तुति के लिए हरिहर महिला विंग की सभी सदस्यों को टीम के अन्य साथियों ने शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि इस टीम में 55 प्लस की महिलाएं भी शामिल हैं जो कि अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। साथ ही एक संदेश भी है कि कोई भी बेहतर काम करने या अपनी प्रतिभा सामने लाने की कोई उम्र नहीं होती है। इसके लिए केवल लगन व उत्साह की जरूरत पड़ती है। हरिहर महिला विंग की सदस्यों का विशेष अभिनंदन गुरुवार 20 मार्च को प्रातः साढ़े 7 बजे कोन्हरे उद्यान में किया जाएगा।



## बजरंग बली, माता अंजनी की प्राण-प्रतिष्ठा

**बिलासपुर**। सतबहनिया मंदिर परिसर बंधवापारा सरकंडा में बुधवार को मां सतबहनिया की पुनरस्थापना व बजरंग बली का माता अंजनी के साथ पुनः प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इसमें सात यजमानों ने पं. मनोज कुमार पाण्डेय के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ पूजन, हवन कर आहूतियां दी।

मां सेवा जन कल्याण समिति के संरक्षक शंकर लाल पाटनवार ने बताया कि सतबहनिया माता यहां अनादिकाल से स्थापित है पर समिति के सभी सदस्यों की सहमति से माता की पुर्नस्थापना कर छाया व आसन दिया गया। मंदिर में स्थापित बजरंग बली की मूर्ति जो खंडित हो गई थी, की माता अंजनी के साथ पुनः प्राण-प्रतिष्ठा कराई गई है। इसमें यजमान के रूप में सतीश शर्मा, भुवन सिंह ठाकुर, ओंकार प्रसाद, संदीप कश्यप, मोती कुंभकार, लक्ष्मी तारा साहू, गोदू कश्यप ने सपत्नीक भाग लिया एवं विधि-विधान से पूजा, हवन कर आरती की। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हनुमान भक्त इन सभी यजमानों का व्यापक आर्थिक सहयोग भी रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष जीआर देवांगन, आकृति महिला मंडल की सदस्यों सहित मोहल्लेवासियों व मंदिर समितियों के सभी सदस्यों का सहयोग रहा। कला में निपुण मोना केंवट ने सभी मूर्तियों का पेंट कर उसे आकर्षक रूप दिया। श्री पाटनवार ने बताया कि हर दिन रामायण का वाचन पिछले छह साल से किया जा रहा है। हर साल का आयोजन किसी न किसी देवी देवता को समर्पित रहता है। आयोजन का यह सातवां साल चल रहा है।



**3 युगल मूर्तियां**

मंदिर परिसर में तीन युगल मूर्तियां भी है। इसमें लक्ष्मी-नारायण, सीता-राम, राधा-कृष्ण की मूर्तियां शामिल है। इन मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा बंगालीपारा सरकंडा निवासी पुरूषोत्तम प्रसाद पाण्डेय ने अपने खर्च से प्राण-प्रतिष्ठा कराई थी।

मेंस सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता

## बिलासपुर की जीत के साथ शुरुआत, प्लेट कंबाइन को तीन विकेट से हराया

स्पोर्ट्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है,जिसका बिलासपुर अपना पहला मैच दिल्लीरझरा के मैदान में प्लेट कंबाइंड के मध्य खेलने उतरी है। बिलासपुर ने दूसरे दिन का खेल खत्म होते तक दो विकेट पर 49 बना लिए थे। बिलासपुर ने 117 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 34.2 ओवर में 7 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिए। बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मोहित रावत ने नाबाद 33 रन बनाए और मोहम्मद इरफान ने 12 रनों का योगदान दिया। प्लेट कंबाइंड की ओर से गेंदबाजी करते हुए शशांक तिवारी ने पांच बहुमूल्य विकेट प्राप्त किया, इस तरह बिलासपुर ने अपना पहला मैच तीन विकेट से जीत दर्ज कर 6 अंक प्राप्त करने में सफल हुई। बिलासपुर अपना अगला चार दिवसीय मैच 22 मार्च को सरगुजा के मध्य आरडीसीए मैदान में खेलेगी। मैच के निर्णायक अनिल सिंह और राणा प्रताप सिंह है स्कोरर महेंद्र साहू और ऑब्जर्वर कमल घोष टीम के कोच मोईन मिर्जा है। इसके अलावा बिलासपुर ब्लू अपना पहला मैच राजनांदगांव के दिग्विजय स्टेडियम में बीएसपी के मध्य खेल रही है। जिसमें बिलासपुर ब्लू ने दूसरे दिन का खेल खत्म होते तक एक विकेट पर 9 रन बना लिए थे। तीसरे दिन का खेल खेलते हुए बिलासपुर ब्लू ने 82 ओवर में आठ विकेट खोकर 298 रन बना लिए हैं और बीएसपी से 391 रनों की बढ़त बना चुकी है।



### नाबाद पारी से मैच में बढ़त

बिलासपुर ब्लू की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए दीपक सिंह बघेल ने अपने मैच में दूसरे अर्ध शतक के साथ दूसरी पारी में भी 73 रनों का योगदान दिया विकेटकीपर शाहबाज हुसैन हुसैन ने 59 रन बनाए और दिन का खेल खत्म होते तक सनी पांडे ने 63 रनों पर नाबाद खेल रहे हैं। बीएसपी की ओर से गेंदबाजी करते हुए देव आदित्य सिंह ने पांच विकेट और जीवेश कुमार भुट्टे ने दो विकेट प्राप्त किए हैं। मैच के निर्णायक विशाल सिंघानिया और जिगर बावरिया हैं स्कोरर अविनाश भारद्वाज और ऑब्जर्वर अजय तिवारी टीम के कोच सुशांत शुक्ला हैं।

## खबर संक्षेप

### आकाशवाणी से डा. सोमनाथ की वार्ता का प्रसारण कल

**बिलासपुर।** आकाशवाणी रायपुर से कल 21 मार्च दिन शुक्रवार को सुबह 8.30 बजे इनसे मिलिए कार्यक्रम में डा. सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ का छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियों पर केंद्रित भेंटवार्ता का प्रसारण होगा। डा. सोमनाथ के राज्य मुख्य आयुक्त बनने के एक वर्ष पूर्ण होने और स्काउटिंग में किए गए कार्यों तथा भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों पर आधारित इस भेंटवार्ता का प्रसारण छत्तीसगढ़ के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ होगा।

### संकट हरण मंदिर में प्रज्जवलित होगी ज्योति कलश 30 से

**बिलासपुर।** बासंती चैत्र नवरात्रि महोत्सव नवरात्रि के पावन पर्व पर संकट हरण हनुमान मंदिर निरतू में मनोकामना ज्योति क्लश प्रज्जवलित होगी। मंदिर के साधक ने बताया कि 30 मार्च रविवार से घट स्थापना, कलश प्रज्जवलित, 31 मार्च सोमवार को द्विज, तीज पर्व, 2 अप्रैल बुधवार को पंचमी पर्व और 4 अप्रैल शुक्रवार को सप्तमी पर्व व जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### यूपीएस के विरोध में किया गया प्रदर्शन

**बिलासपुर।** नेशनल फेडरेशन इंडियन रेलवे मेंस के आव्हान पर 21 मार्च तक एनपीएस यूपीएस को समाप्त करने विरोध सप्ताह का आयोजन किया जारहा है। बिलासपुर मंडल में साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री और उप मंडल समन्वयक रविन्द्र कुमार धल के नेतृत्व में डीआरएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान डीके स्वाइन, बी कृष्ण कुमार, आरके यादव, जीएस आइच, जोनल प्रवक्ता गोपी राव, आरके सांडे आदि मौजूद थे।

### परिवर्तित मार्ग से चलेगी नागपुर-शहडोल

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने भंडारकुंड से भीमालगोंडी सेक्शन को अधोसंरचना के कारण निलंबित किया गया है। इसके कारण 11201 नागपुर से शहडोल एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग नागपुर, अमला, छिंदवाड़ा मार्ग से 30 मई तक तथा गाड़ी संख्या 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस का परिचालन 31 मई तक किया जाएगा। वर्तमान में नागपुर से शहडोल एक्सप्रेस का परिचालन 31 मार्च तक और शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस का परिचालन 1 अप्रैल तक परिवर्तित मार्ग नागपुर, आमला, छिंदवाड़ा से किया जा रहा है।जिसका विस्तार अब 30 मई और 31 मई तक कर दिया गया है।

### चंदिया रोड के तीसरी लाइन पर दौड़ेगी ट्रेन

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अनूपपुर-कटनी सेक्शन के बीच 165.52 किलोमीटर विद्युतीकृत तीसरी लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में चंदियारोड से विलायतकलां रोड स्टेशन के बीच 10 किलोमीटर विद्युतीकृत नई तीसरी लाइन का संपूर्ण कार्य होने के बाद एसई सर्कल के आयुक्त रेलवे सेफ्टी बीके मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान विस्तृत रूप से लाइन की संरचना, ट्रैक की गुणवत्ता, इंटरलाकिंग, क्रासिंग, पाइंट, कर्व, ब्रिज, ओवरहेड इलेक्ट्रिक सिस्टम, सिग्नलिंग एवं अन्य तकनीकी पहलुओं का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। इस दौरान निरीक्षण दल में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण आलोक तिवारी, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल सहित मंडल व मुख्यालय के अधिकारी मौजूद थे।

**बीईओ व बाबू पर आरोप** शिक्षक की मौत 10 महीने पहले हो गई है, शिक्षिका पत्नी ने की कलेक्टर से शिकायत

# अर्जित अवकाश के लिए मांगी रिश्वत, कलेक्टर ने दिया जांच का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा विकासखंड शिक्षा अधिकारी और वहां के क्लर्क पर अर्जित अवकाश की राशि स्वीकृत करने के लिए एक लाख 34 हजार रिश्वत मांगने का आरोप लगा है।

महिला शिक्षिका की शिकायत पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा विभाग को जांच करने कहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले में जांच टीम भी बना दी है। जानकारी के मुताबिक कोटा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड़ी स्कूल में पदस्थ शिक्षक पुष्कर भारद्वाज की मृत्यु 10 महीने पहले हो गई थी। उनकी पत्नी श्रीमती नीलम भारद्वाज भी रतनपुर ब्लाक के छीनापारा प्राथमिक स्कूल में शिक्षिका हैं। पत्नी ने पति की मौत के दो महीने बाद मतलब कि 8 माह पूर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कोटा कार्यालय में आवेदन देकर अपने पति के मेडिकल अवकाश सेलरी (अर्जित अवकाश) की राशि की मांग की गई।

■ पोंड़ी स्कूल में पदस्थ शिक्षक की 10 माह पूर्व हुई थी मृत्यु

### चेक तो बनाया लेकिन शिक्षिका को दिया नहीं

इस मांग पत्र के आधार पर बीई कार्यालय के क्लर्क और कुछ अधिकारियों ने 6 महीने के अर्जित अवकाश की राशि स्वीकृत की। बकायदा इसका चेक भी बन गया। इसमें 67 हजार रुपए प्रति महीने के हिसाब से राशि स्वीकृत की गई। इसके लिए लेकिन बाबूओं ने एक महीने की राशि रिश्वत के रूप में भी मांग ली गई। शिक्षिका पत्नी ने इसे देने से मना कर दिया और फिर से निवेदन किया। इस बार लेकिन विभाग के अधिकारियों और बाबूओं का लालच और बढ़ गया। चेक देने के एवज में शिक्षिका से दो माह की सेलरी एक लाख चौतीस हजार रुपए की राशि की मांग रिश्वत के रूप में की गई। बार बार निवेदन करने के बाद भी जब बीईओ आफिस के अधिकारी नहीं माने तो महिला शिक्षिका ने कलेक्टर से शिकायत की।

### तीन सदस्यीय टीम जल्द सौंपेगी रिपोर्ट

कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरन्त ही टीम गठित कर जांच के आदेश दे दिए। जिला शिक्षा विभाग को इसका जिम्मा सौंपा गया है। शिक्षा विभाग ने भी जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन कर लिया है। यह टीम अगले कुछ दिनों में मामले की जांच करते हुए रिपोर्ट सौंपेगी। कोटा ब्लाक के बीईओ विजय तांडे से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह आरोप उन पर नहीं बल्कि बाबूओं पर लगा है। इसकी जांच वे स्वंय भी अपने स्तर पर कर रहे हैं। बीईओ तांडे के मुताबिक महिला शिक्षिका ने एक बार भी इस मांग को लेकर मुलाकात नहीं की है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार महिला शिक्षिका को अर्जित अवकाश का भुगतान कर दिया जाएगा

विरोध और विवादों के बीच दूसरे दिन बुधवार को 70 अतिक्रमण हटाए गए

# बुलडोजर के सामने बैठ गए लोग, पुलिस निगमकर्मियों से झूमाझटकी व हंगामा



अपोलो मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करता निगम अमला।

### दो बार नोटिस और एक रात पहले मुनादी

जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा का कहना है कि रोड की जमीन पर बेजा कब्जा करने वालों को महीने भर पहले नोटिस दी गई थी। नोटिस दो बार दी गई और कार्रवाई शुरू करने के एक दिन पहले मुनादी कराई गई थी। उन्होंने बताया कि 80 फुट चौड़ी रोड पर 250 से अधिक लोगों ने मकान, दुकान बना लिए हैं, जिसे हटा कर रोड चौड़ी की जाएगी। उन्होंने बताया कि दो दिनों में 30 मकान और डेढ़ सौ से अधिक दुकानें हटाई जा चुकी हैं। पहले दिन की कार्रवाई में 127 दुकानों और 23 मकानों को हटाया गया था। अतिक्रमण हटाने के अभियान के पहले चरण के तहत वसंत विहार तिराहे से मानसी लॉज तक लगभग 200 पक्का-कच्चा दुकान और 30 मकान अतिक्रमण के रूप में चिन्हित किए गए थे जिन्हें स्वयं से कब्जा हटाने निगम द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किया गया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपोलो मार्ग में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान बुधवार की दोपहर विवाद की स्थिति बन गई। बिना नोटिस तोड़ फोड़ और कब्जा हटाने को लेकर स्थानीय लोग निगम और पुलिस कर्मियों से भिड़ गए। इस दौरान पुलिस और लोगों के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई। बुलडोजर के सामने बैठकर लोगों ने काम रुकवा दिया।

पुलिस के हस्तक्षेप के बावजूद लोग नहीं माने और हंगामा बढ़ता गया। प्रशासनकि अधिकारियों ने शासकीय काम में बाधा नहीं डालने और काम करने देने की समझाइश दी लेकिन लोग नहीं माने। खास तौर पर महिलाएं अधिक आक्रोशित हों गई। महिलाओं के सामने तोड़ दस्ता भी कुछ नहीं कर पा रहा था। इस कारण शाम को तोड़फोड़ रोकनी भी पड़ी। हालांकि निगम का कहना है कि मंगलवार को हुए कार्रवाई के बाद शेष अतिक्रमण को हटाते हुए बुधवार को 70 दुकानों को तोड़ा गया और कुछ को स्थानांतरित किया जिसमें ठेला गुमटी शामिल थे। वहीं 3 मकानों को भी हटाया गया है,जिसमें निवासरत परिवारों को पहले बहतराई स्थित पीएम आवास में शिफ्ट किया गया। वसंत विहार चौक से मानसी गेस्ट हाउस तक 80 फुट चौड़ी सड़क के दोनों ओर 20-20 फुट जमीन पर करीब 250 लोगों ने अवैध निर्माण कर रखा है। इस कारण सड़क संकरी हो गई है। नगर निगम ने जब मंगलवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की, तो स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार को हालात और बिगड़ गए।वार्ड पार्षद दिलीप पाटिल ने प्रभावितों को लेकर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार से मुलाकात की लेकिन इससे कोई समाधान नहीं निकला। प्रभावितों का कहना है कि उन्हें सिर्फ एक दिन पहले नोटिस दी गई। हालांकि दुकानदारों को लिंगियाडीह में वैकल्पिक जगह दी जा रही है, लेकिन वे वहां जाने को तैयार नहीं हैं। इस दौरान निगम कर्मचारियों, पुलिस और लोगों के बीच छिटपुट झड़पें भी हुईं। बुधवार शाम को स्थिति अधिक तनावपूर्ण हो गई। पुलिस स्थिति को नियंत्रण करने पहुंची तो उनसे भी विवाद हुआ। जानकारी के अनुसार देर शाम लोगों ने एसपी कार्यालय जाकर निगमकर्मियों के खिलाफ शिकायत की है।

■ 3 परिवारों को आवासों में किया गया शिफ्ट, सर्वे में कुल 250 कब्जे पाए गए



काऊकेचर में सामान भरकर ले जाते बेजाकब्जाधारी।

### विस्थापन का कार्य भी साथ में जारी

अपोलो मार्ग में अवैध रूप से कब्जा कर बनाए मकान में रहने वाले लोगों के विस्थापन के लिए नगर निगम ने तैयारी पूर कर रखी थी। निगम का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ विस्थापन का कार्य भी जारी है। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर इंजीनियर और अधिकारियों की एक अलग टीम विस्थापन कार्य में लगी है। हटाए गए मकानों के सामान को शिफ्ट करने के लिए बकायदा निगम ने गाड़ी की व्यवस्था की है और कर्मचारियों को तैनात किया है। अपोलो रोड में सड़क चौड़ीकरण के बाद आवागमन के लिए राहगीरों को पक्की और चौड़ी सड़क मिलेगी।

# जीआईएस कंट्रोल रूम से होगी एटीआर की निगरानी



सुरक्षा को लेकर बैठक में चर्चा करते विभागीय अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अब कोटा के जीआईएस कंट्रोल रूम से अचानकमार टाइगर रिजर्व में होने वाले गतिविधियों की पूरी निगरानी रखी जाएगी, जिसके लिए कंट्रोल रूम में आवासीय सुधार, घासभूमि विकास, स्त्रोतों की निगरानी और वन्यजीव गतिविधियों की ट्रैकिंग जैसे प्रबंधन निर्णयों में तकनीकी सहायता के साथ संचालित जीआईएस सेल से बेहतर कनेक्ट किया जाएगा। यह सिस्टम जंगल में आग लगने से पहले ही स्टाफ और अफसरों को चेतावनी दे देगा।

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर और बफर जोन में मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों के साथ टाइगरों की संख्या में भी लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। एटीआर के घने जंगल में पेड़ों की कटाई और वन्यप्राणियों का शिकार काफी अधिक संख्या में होता है। इस घटना के अलावा वन्यप्राणियों की गणना व अन्य कार्यो के लिए ट्रैप कैमरे लगाने के साथ पैदल कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई जाती है। एटीआर के जंगल में सबसे अधिक परेशानी मोबाइल से आपसी संपर्क नहीं होने के कारण होती है, जिसके कारण कर्मचारियों को वाकीटाकी भी दिया गया है। यह सिस्टम भी कभी-कभी खराब हो जाता है। अब तक अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में सतत निगरानी के लिए किसी तरह का कंट्रोल रूम स्थापित नहीं किया गया था, जिसकी वजह से प्रबंधन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए दो माह पहले राज्य और केन्द्र शासन के आदेश पर अचानकमार टाइगर रिजर्व में निगरानी के लिए एक जीआईएस कंट्रोल का निर्माण कोटा में शुरु किया गया।

■ आग लगने से पहले देगा चेतावनी

### आज किया गया उद्घाटन

कंट्रोल रूम की ओपनिंग एटीआर के क्षेत्र संचालक मनोज पाण्डेय ने डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश, एसडीओ, रेंजर और जीआईएस सेल तकनीशियनों की उपस्थिति में बुधवार को की गई। उन्होंने बताया कि यह कंट्रोल रूम वन्यजीवनों की सुरक्षा को अधिक प्रभावी और फील्ड स्टाफ की कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक होगा। इसके माध्यम से वन अपराधों की रोकथाम और मानव वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। कंट्रोल रूम आवासीय सुधार, घासभूमि विकास, जल स्रोतों की निगरानी और वन्यजीव गतिविधियों की ट्रैकिंग जैसे प्रबंधन निर्णयों में तकनीकी सहायता प्रदान करने के साथ संचालित जीआईएस सेल से बेहतर कनेक्ट करेगा। वर्ष 2025 फायर सीजन में जिलोस्पेशियल डेटा से आग की घटनाओं की पूर्व चेतावनी देकर फील्ड स्टाफ को त्वरित प्रतिक्रिया के लिए सक्षम किया जा रहा है। श्री पाण्डेय ने बताया कि प्रौद्योगिकी हर कर्मी तक शक्ति के मोटो को साकार करते हुए यह कंट्रोल रूम ऑल इंडिया टाइगर एस्टिमेशन 2026 और फेज 4 से जुड़े कार्यो के लिए अचानकमार टाइगर रिजर्व का मुख्य केन्द्र रहेगा।

## सूने मकान, कारखाना से जेवर व नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** एक बार फिर चोर गिरोह सक्रिय होकर सूने मकानों को टारगेट बनाकर चोरी कर रहे हैं। चोरों ने एक सूने मकान व कारखाना में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, कश्यप कालोनी निवासी दिलीप कुमार श्रीवास्तव खमतराई में डीवीएस इन्फ्रा एण्ड इलेक्ट्रीकल कारखाना चलाते है। 16 मार्च की रात 1.30 बजे उन्होंने अपने मोबाइल में कारखाने में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा तो सभी बंद मिला। वह रात में आकर अपने कारखाना को देखे तो दरवाजे में ताला लगा हुआ था। पीछे की ओर जाकर देखे दीवार में छेद बना हुआ था। चोरो ने उनके कारखाना के दीवार में सेंध लगाकर आफिस का दरवाजा तोड़कर सीसीटीवी कैमरा बंद कर दिया। दराज में रखा नकद रकम व पीतल का सामान सहित 50 हजार की चोरी हो गई थी। सीसीटीवी कैमरा चालू कर देखे तो 12.46 बजे अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा चोरी करते नजर आ रहे हैं। दूसरी घटना में रतनपुर खण्डोबा निवासी परमेश्वर सतनामी पिता रज्जू 17 मार्च की रात 11 बजे खाना खाने के बाद सो गए थे। रात 1.30 बजे उनकी पत्नी ने शोर मचाया तो देखे तो कोई नहीं दिखा। आलमारी खुली हुई थी, लाकर में रखा 15 हजार रुपए नकद, सोने का लाकेट, पायल, मोबाइल सहित 50 हजार का सामान चोरी हो गया था। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## किराए में कार लेकर दूसरे को बेचने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** किराए में इनोवा लेकर दूसरे को बेच देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना के एएसआई विष्णु साहू ने बताया, कस्तूरबानगर निवासी प्रफूल्ल कुमार मिश्रा 69 साल से मोहल्ले में रहने वाला आकाश श्रीवास्तव पिता संजूकांत श्रीवास्तव 32 साल ने 5 जून 2024 को उनसे 28 हजार रुपए महीने किराए में उनकी इनोवा कार क्रमांक सीजी16 सीजे, 9387 लिया। दो माह तक वह किराया पटाया। उसके बाद घुमाने लगा, कई बार चक्कर लगाने पर उसने 2.50 लाख रुपए का चेक दिया। उन्होंने आहरित करने के लिए बैंक में चेक जमा किया तो खाते में राशि नहीं होने से चेक बाउंस हो गया। उन्होंने रकम मांगी तो वह गोलमोल जवाब देने लगा। श्री मिश्रा ने पतासाजी की तो जानकारी हुई आकाश ने उनकी इनोवा कार महासमुंद में रहने वाले सन्नी नामक व्यक्ति को बेच दिया है। यह भी जानकारी हुई आकास कई लोगों से किराए में वाहन लेकर बेच दिया व गिरवी कर दिया है।

## लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं से ठगी आरोपी महिला ने थाने में मचाया हंगामा

**बिलासपुर।** लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं से ठगी की शिकायत पर पुलिस ने ठगी करने वाली महिला को थाने में तलब किया। उक्त महिला ने थाने में जमकर हंगामा मचाया, जिसके बाद बाद उसे छोड़ दिया गया । पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, मुंगेली निवासी लता यादव ने शिकायत की उनके घर में आकर कुछ लोग लोन के पांप्लेट बांट कर गए थे। वे बीमार थीं और इलाज कराने के लिए रुपए की जरूरत थी। पांप्लेट देखकर वह पुराना बस स्टैण्ड बजरंग काम्प्लेक्स स्थित वी राइज कंपनी के कार्यालय पहुंची। कंपनी के लोगों ने उनका आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज ले लिया। उसके बाद उनहें एक युवती के साथ मोबाइल दुकान भेजा गया। उनके नाम से लोन में मोबाइल लिया गया और फिर कंपनी के कार्यालय लेकर गए। उन्हें मोबाइल की आधी रकम देकर भेज दिया गया। उन्होने बाद में शेष रकम मांगी तो उन्हें आश्वासन दिया गया लोन की रकम के साथ मोबाइल के पुरी रकम दिया जाएगा उसके बाद घुमाने लगे। इसी तरह करीब 8 लोगों से ठगी की गई है। शिकायत पर पुलिस ने कंपनी के संचालिका फरहत सिंह को थाने बुलाकर पूछताछ की गई तो वह जमकर हंगामा मचाने लगी, जिससे पुलिस ने उसे छोड़ दिया है। टीआई श्री पाण्डेय ने बताया, लता यादव की रिपोर्ट पर फरहत सिंह के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच की जा रही है।

### रेलवे क्षेत्र में पेड़ों की छंटाई

**बिलासपुर।** गर्मी की शुरूआत होते ही रेलवे क्षेत्र के पेड़ों की कटाई-छंटाई शुरू कर दिया गया है। जिसकी शुरूआत भारत माता स्कूल से हो चुकी है। आने वाले दिनों में पूरे रेलवे क्षेत्र के पेड़ों की छंटाई पूर्ण कर ली जाएगी।




पटना-चर्लपल्लि पटना के मध्य 22 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन

# यात्रियों को कन्फर्म बर्थ उपलब्ध कराने रेलवे पटना-चर्लपल्लि के बीच चलाएगी स्पेशल ट्रेन

**बिलासपुर।** ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पटना-चर्लपल्लि-पटना के मध्य 22 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है ।

गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्लि द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, पटना से 17 मार्च से 28 मई तक (22 फेरा) प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07255 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 19 मार्च से 28 मई तक (11 फेरा) प्रत्येक बुधवार को तथा गाड़ी संख्या 07256 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 21 मार्च से 30 मई तक (11 फेरा) प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी ।



**कोचों की उपलब्धता**-इन स्पेशल ट्रेनों में 02 एसएलआरडी, 06 जनरल, 12 स्लीपर, 02 एसी-III, 02 एसी-II सहित कुल 24 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। रास्ते में ये गाडियां दोनों दिशाओं में तारेगना, जहानाबाद, गया, कोडरमा, पारसनाथ, गोमोह, बोकारो, रांची, हटिया, राऊरकेला, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुर काघदनगर, बेल्लंपल्ली, पेद्दापल्ली तथा काजीपेट स्टेशनों पर रुकेगी।

### ट्रेनों की समय सारिणी

गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्लि द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, पटना से 17 मार्च से 28 मई तक (22 फेरा) प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को दोपहर 3.00 बजे रवाना होगी तथा दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली स्टेशन बिलासपुर में आगमन 7.40 बजे, प्रस्थान 7.45 बजे, रायपुर आगमन 9.43 बजे, प्रस्थान 9.45 बजे, दुर्ग आगमन 10.10 बजे, प्रस्थान 10.20 बजे, गोंदिया आगमन 12.50 बजे, प्रस्थान 12.55 बजे होते हुये प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को 3.30 बजे चर्लपल्लि स्टेशन पहुंचेगी । इसी तरह गाड़ी संख्या 07255 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 19 मार्च से 28 मई तक प्रत्येक बुधवार को 11.00 बजे रवाना होगी तथा दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली गोंदिया स्टेशन आगमन 11.40 बजे, प्रस्थान 11.45 बजे, दुर्ग आगमन 13.50 बजे, प्रस्थान 14.00 बजे, रायपुर आगमन 14.33 बजे, प्रस्थान 14.35 बजे, बिलासपुर में आगमन 16.45 बजे, प्रस्थान 16.50 बजे होते हुये प्रत्येक शुक्रवार को 11.30 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 07256 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 21 मार्च से 30 मई तक प्रत्येक शुक्रवार को 9.00 बजे रवाना होगी तथा दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक शनिवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली गोंदिया स्टेशन आगमन 09.40 बजे, प्रस्थान 09.45 बजे, दुर्ग आगमन 11.50 बजे, प्रस्थान 12.00 बजे, रायपुर आगमन 12.33 बजे, प्रस्थान 12.35 बजे, बिलासपुर में आगमन 2.45 बजे, प्रस्थान 2.50 बजे होते हुये प्रत्येक रविवार को 09.30 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी ।



19-MAR--REGNOL-pg-5-ALTOR_Layout 1 3/19/2025 11:09 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### 5वीं की परीक्षा को लेकर उत्साह परीक्षार्थियों पर की गई पुष्पवर्षा



**लोरमी।** ग्राम रहंगी के शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा 5वीं की बोर्ड परीक्षा के आयोजन को लेकर जनप्रतिनिधियों तथा अभिभावकों में गजब का उत्साह दिखा। इसी कड़ी में विद्यालय के केंद्राध्यक्ष रमेश साहू का नवनिर्वाचित सरपंच सुखमनी भगवान सिंह पोर्ते, उपसरपंच प्रतिनिधि संध्या भोला राम साहू के द्वारा गुलदस्ता भेंटकर तथा माला पहना कर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही परीक्षा केंद्र में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों पर पुष्पवर्षा कर एवं तिलक लगाकर परीक्षा केंद्र मे स्वागत किया गया। इस अवसर पर केंद्राध्यक्ष रमेश साहू, शिक्षक अभिजीत तिवारी, उमाकला मरावी, निशा पोर्ते, सुनीता टंडिया, जनक राम यादव, गेंदलाल यादव, स्वाति तिवारी, सरोजनी साहू, अभिवावक एवं जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 26 मार्च

**मुंगेली।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 मार्च निर्धारित की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले के छात्र-छात्राएं, जो छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर में संचालित शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आई.टी.आई., पॉलिटेक्निक आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रवृत्ति के लिए पात्र विद्यार्थी शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक हेतु 19 मार्च से 28 मार्च तक और सैंक्शन आर्डर लॉक के लिए 19 मार्च से 30 मार्च तक अंतिम तिथि निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट का अवलोकन कर सकते है।

### क्षेत्र में बिजली के अवैध कनेक्शन, 135 प्रकरण दर्ज

**लोरमी।** ग्राम लखासार व नवागाव (झोत्था) में ग्राम वासियों जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर समझाइश देकर प्रशासनिक अधिकारी अमला ने जल स्तर कम होने व विद्युत की समस्या अप्रत्याशित वृद्धि होने के कारण जल एवं विद्युत की आपूर्ति की समस्या के निदान हेतु दल गठन कर सघन जांच की गई। जिसमे अवैध रूप से ऊर्जा का दुरुपयोग करने वालों के ऊपर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार अजीत पुजारी अनुविभागीय अधिकारी ,चन्द्रप्रकाश सोनी , शांतनु तारम नायब तहसीलदार, एवं विद्युत विभाग के सहायक अभियंता लव सिंह, कृष्ण चंद्र गुप्ता कनिष्ठ अभियंता एवं खगेश कुमार नेताम कनिष्ठ अभियंता के द्वारा क्षेत्रीय लाइन कर्मचारी नन्दाऊ यादव शामिल रहे।

### योजनाओं की जानकारी देने लगाए जा रहे शिविर

**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार श्रम विभाग द्वारा निर्माणी एवं असंगठित श्रमिकों के पंजीयन व नवीनीकरण और विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु जिले के विभिन्न ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 20, 21 मार्च को पथरिया विकासखण्ड के ग्राम जरेली व मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम खुजहा में तथा 27 और 28 मार्च को लोरमी विकासखण्ड के ग्राम राम्हेपुर जे. व मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम खैरवार में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### आबकारी विभाग ने की कार्रवाई 9 लीटर देसी शराब जब्त



**जरहागांव।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब पर लगाम लगाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग ने जरहागांव थाना क्षेत्र के ग्राम भथरी में छापेमार कार्रवाई करते हुए आरोपी कार्तिक कुमार से 9 लीटर से अधिक देशी मदिरा प्लेन मसाला मदिरा जब्त कर लिया। सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## रतनपुर एवं मल्हार में भाजपा के उम्मीदवारों को मिली जीत

# मल्हार नगर पंचायत के उपाध्यक्ष बने सुशील

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

नगर पंचायत कार्यालय में बुधवार को नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमे भाजपा के वार्ड 13 के पार्षद सुशील राजा चौबे उपाध्यक्ष चुने गए। इस बार के नगरी निकाय चुनाव में अध्यक्ष के अलावा 15 में से 10 वार्डो से भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। गत 16 मार्च को नवनिर्वाचित सभी जनप्रतिनिधियों का सपथ ग्रहण समारोह हुआ था जिसके बाद उपाध्यक्ष चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई थी।

बुधवार को हुए चुनाव में भाजपा कांग्रेस दोनों पार्टियों के एक एक पार्षदों ने नामांकन भरा परन्तु भाजपा के संख्या बल अधिक होने भाजपा से सुशील चौबे ने जीत दर्ज की। पार्टी के वरिष्ठ नेताओ के मार्गदर्शन में उम्मीदवार बनाया और शानदार जीत दर्ज की। वही कांग्रेस से विष्णु कैवर्त ने उपाध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल किया था। निर्वाचन अधिकारी मस्तूरी एसडीएम प्रवेश पैकरा ने श्री चौबे को जीत का प्रमाणपत्र सौपा। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष जायसवाल, उपाध्यक्ष तिलक राम साहू, मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, महामंत्री धर्मेंद्र कोसले, निखिल केशरवानी, ऋषभ चतुर्वेदी, रामनारायण कश्यप, एसकुमार मनहर, प्रेमलाल जायसवाल, अरविंद साहू, राजकुमार, धर्मेंद्र सिंह, रवि धीवर सहित सभी भाजपा के पार्षद व कार्यकर्ता शामिल हुए। उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राजा चौबे ने कहा कि अब ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है जिससे नगर के सम्पूर्ण व व्यवस्थित विकास की दिशा में सभी मिलजुलकर काम करेंगे तथा जनता से किए गए वादे पूरे करेंगे।



विजयी प्रत्याशी को बधाई देते लोग।



### बीनू बनी नगर पालिका रतनपुर की उपाध्यक्ष

**रतनपुर।** नगर पालिका परिषद रतनपुर का प्रथम सम्मेलन एवं उपाध्यक्ष पद का चुनाव बुधवार को महामाया सूट भवन में संपन्न हुआ। इस दौरान भाजपा से उपाध्यक्ष के लिए प्रत्याशी बीनू निराला ने 7 वोटों से जीत दर्ज की। कांग्रेस ने वार्ड 4 से पार्षद सुनील अग्रवाल को उपाध्यक्ष के लिए मैदान में उतारा था जिसे 4 मत मिले भाजपा चुनाव प्रभारी पूर्व विधायक सक्ती खेलावन साहू एवं वी रामा राव के मार्गदर्शन में हुए इस चुनाव में भाजपा ने वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद बीनू निराला को उपाध्यक्ष के लिए उम्मीदवार बनाया था रतनपुर नगर पालिका उपाध्यक्ष के लिए हुए इस चुनाव में कुल 16 मतों मे(15 निर्वाचित पार्षद व अध्यक्ष) में से बीनू निराला को 11 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी सुनील अग्रवाल को केवल 4 वोट प्राप्त हुए। एक वोट निरस्त कर दिया गया। इस तरह बीनू निराला ने भाजपा के समर्थन और निर्दलीय पार्षदों का साथ मिलने से जीत हासिल की। नव-निर्वाचित उपाध्यक्ष बीनू निराला ने कहा कि धार्मिक नगरी रतनपुर के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करूंगी और नगर पालिका अध्यक्ष लव कुश कश्यप के साथ मिलकर कार्य करूंगी।

## कटघोरा लिथियम कोल ब्लॉक मैकी साउथ माइनिंग के हाथों में



**कोरबा।** जिले के कटघोरा में लिथियम कोल ब्लॉक के लिए मैकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने सबसे अधिक बोली लगाकर लिथियम ब्लॉक खनन प्रक्रिया के लिए हासिल कर लिया है। कटघोरा क्षेत्र के घुंचापुर और आसपास के क्षेत्रों में लिथियम का भंडार मिला है। लिथियम ब्लॉक के लिए कंपनी ने रिजर्व प्राइस 2 प्रतिशत के विरूद्ध 76.05 प्रतिशत की बोली लगाई है। जिससे लिथियम दोहन की जो मात्रा होगी उस समय बाजार मूल्य का 76 प्रतिशत राशि राज्य को मिलेगा।

देश की पहली लिथियम खदान कोरबा जिले के कटघोरा में खुलेगी। लिथियम की खदान शुरू होने पर जिले ही नहीं बल्कि राज्य के साथ-साथ देश में भी समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। कटघोरा आधारभूत सुविधाओं से युक्त मैदानी इलाके में है। घुचापुर कटघोरा के आसपास के 250 हेक्टेयर क्षेत्र में लिथियम पाए जाने की पुष्टि जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने की है। लिथियम ब्लॉक के लिए बोली में ओला, वेदांता, जिंदल, श्री सीमेंट, अडाणी समूह, अल्ट्राटेक सीमेंट सहित अनेक बड़ी कंपनियां शामिल थी। अर्जेंटीना की एक कंपनी की भी बोली में भाग लेने की जानकारी मिली है। हालांकि मैकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने सर्वाधिक बोली लगाकर लिथियम ब्लॉक हासिल कर लिया है। लिथियम एक नरम तथा चांदी के समान सफेद धातु है। मानक परिस्थितियों में यह सबसे हल्की धातु और सबसे हल्का ठोस तत्त्व है। यह अत्यधिक प्रतिक्रियाशील और ज्वलनशील है। ग्लोबल मार्केट में एक टन लिथियम की कीमत 57.36 लाख रुपए है।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने दिया जा रहा प्रशिक्षण



**मुंगेली।** जिले में समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक कृषि एमआर तिग्गा के मार्गदर्शन में विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम कुंआगांव में जय दुर्गे महामाया समूह की महिलाओं के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बीपी कोशले ने बताया कि आत्मा योजना घटक बी 5-ए समूह क्षमता विकास एवं कौशल उन्नयन प्रशिक्षण अंतर्गत महिलाओं को मशरूम उत्पादन एवं खाद्य प्रसंस्करण संबंधित मशरूम से बनाए जाने वाले अचार, बड़ी, पापड़ बनाने की विधि, दलहन, तिलहन फसलों को बढ़ावा देने व उसकी उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर बी.टी.एम श्रीमती वर्षा नाग एवं ए.टी.एम. श्रीमती निकिता तिवारी द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनने हेतु प्रेरित किया गया।

### कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई, काटे गए 13 चालान




**भर्रीडांड़।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत बुभवार 19 मार्च को कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी एवं पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रामेश्वर शर्मा व विभा टोप्पो जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मार्गदर्शन में मरवाही अंतर्गत शिक्षण संस्थानों के समीप स्थित पान दुकानों, किराना स्टोर्स आदि में नियमों के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध धारा 4 व 6 के तहत कुल 13 चालान काटकर 1200 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई। इस दौरान लोगों को सिगरेट व तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया गया एवं दुकानदारों को कोटपा नियमो का पालन करने हेतु समझाइश देते हुए कोटपा 2003 धारा लिखित पॉम्पलेट का वितरण किया गया।

### धूमधाम से मना हनुमान होली मिलन महोत्सव



**बिल्हा।** हनुमान चालीसा समिति कुटिया मंदिर बिल्हा द्वारा हनुमान होली मिलन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ढोल नगाड़ों की थाप के साथ भगवा गुलाल से होली खेली गई एवं फाग गीत, जस गीत, छत्तीसगढ़ी गीत एवं भजन के साथ हनुमान चालीसा का पाठ राम स्तुति व आरती की गई। धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो,विश्व का कल्याण हो आदि जयघोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर आरसी अग्रवाल, राजेश शर्मा, संजय अग्रवाल, दिलीप गुप्ता चित्रांश नौबतका, राहुल शर्मा, हरीश महाराज, राजेश नागलिया, कैलाश शर्मा, कन्हैया, शिवम नौबतका, विजय यादव सुखी देवांगन, राजकुमार मानिकपुरी, यशवंत कुशवाह, जलेश्वर कौशिक, संजय बग्गा व कमल गर्ग का सराहनीय योगदान रहा।

### मिडिल स्कूल गुनापुर में बच्चों को दिया न्यौता भोज



**लोरमी।** ग्राम गुनापुर में पूर्व पार्षद घंशु राजपूत के जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के लिए न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। न्यौता भोज में शामिल होकर सभी बच्चे प्रसन्न नजर आए। बता दें कि शासन की नई योजना के अंतर्गत स्कूलों में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, विद्यालय के सदस्य व अन्य लोग अपने जन्म दिवस, शादी की सालगिरह या अन्य खुशियों के अवसर पर बच्चों को न्यौता भोजन करा सकते हैं। इसी क्रम में विद्यालय के भाजपा नेता व पूर्व पार्षद घंशु राजपूत ने अपने जन्मदिवस पर बच्चों को न्यौता भोजन के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान उन्होंने शाला के शिक्षकों एवं बच्चों के साथ मिलकर केक भी काटा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने कहा कि बच्चों को अत्यधिक पौष्टिक आहार परोसने से बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

## हिन्दू नववर्ष को लेकर बैठक, तैयार की गई कार्यक्रमों की रूपरेखा



बैठक में शामिल नागरिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

मानस मंच में आगामी 2 अप्रैल को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं समस्त नगरवासियों के तत्वाधान में हिन्दू नववर्ष को भव्य एवं सांस्कृतिक रूप से मनाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ नागरिक सामिल हुए।

बैठक में हिन्दू नववर्ष के स्वागत हेतु शोभायात्रा, रामधुन प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठजनों ने हिन्दू संस्कृति और परंपराओं को संजोने के लिए नववर्ष को उत्साहपूर्वक मनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भव्य शोभायात्रा तथा रामधुन प्रतियोगिता कराने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा, युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों को इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता प्रदान करने हेतु आमंत्रित किया गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुजीत वर्मा, राकेश दुबे, उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल एवं पार्षद विश्वास दुबे, शशांक वैष्णब, धनन्जय दुबे, संदीप ठाकुर, अमित गुप्ता, राधेश्याम अग्रवाल जगदीश सोनी, राजकुमार अग्रवाल, महेंद्र खत्री, अशोक साहू, धनेश साहू, नितेश पाठक, केशरवानी, जयजय राम राजपूत, अमित गुप्ता, पूनम राजपूत कीर्ती वैष्णव एवं अन्य तथा बजरंग दल के सदस्य उपस्थित रहे।



कलार जेवरा में घरों में आग लगने से उठती लपटें।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, तीन मकान जल कर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

पथरिया थाना क्षेत्र के ग्राम कलार जेवरा में बुधवार को आग लगने के कारण तीन घर जलकर खाक हो गए।



मिली जानकारी के अनुसार गांव के एक घर में लगे बोरवेल को चालू करने के दौरान शार्ट सर्किट हो गया जिससे आग लग गई। देखते ही देखते कच्चे आग ने कच्चे मकान को अपनी चपेट मे लिया, जिससे पूरा घर आग से जल कर खाक हो गया। आग इतनी भीषण थी कि थी कि इसकी चपेट में आकर आसपास के दो अन्य घर भी जलकर राख हो गए। पीड़ति परिवार के मुखिया रामाधार राजपूत ने बताया की वह किसी काम से गांव में गए हुए थे, तभी दोपहर 2 बजे घर की महिला ने पानी के बोरवेल चालू किया। इस दौरान चिंगारी निकली और पूरे घर तेजी से आग फैल गई। आग लगने से बिजली उपरण एवं घर के सामान जलकर नष्ट हो गए। वहीं घर मे बंधी एक गाय भी आग से बचाया नहीं जा सका एवं उसकी भी आग में जलने से मौत हो गई। साथ ही उसके घर से लगे पड़ोसी मोहित राम और टीकम राजपूत के घर भी आग से जल गए। सूचना मिलने पर ग्रामीणों की मदद एवं दमकल से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था।

## सभी पापों से मुक्ति दिलाती है श्रीमद् भागवत कथा



श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराते महराज।

**लोरमी।** हनुमान मंदिर गांधीडीह में 16 से 23 मार्च तक संगीत मय श्रीमद् भागवत महा पुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक डाक्टर पंडित सत्यनारायण तिवारी हिमान्शु महाराज हैं।

कथा के तीसरे दिन वृत्तासुर कथा ,प्रह्लाद चरित्र का वर्णन करते हुए पंडित डॉक्टर सत्य नारायण तिवारी ने कहा कि हिरण्य कश्यप के राज्य में भगवान का नाम लेने वाले को दंडित किया जाता था। उनकी जीभ एवं भुजाएं काट दी जाती थी। हिरण्य कश्यप को ब्रम्हाजी से वरदान प्राप्त था कि न मैं दिन में मरूं न रात में न अस्त्र से मरूं न शस्त्र से मरूं। प्रह्लाद बचपन से ही भगवान का भक्त था। भगवान का पूजा जाप करता था। हिरण्य कश्यप ने प्रहलाद को मारने पहाड़ से ढकेला, समुद्र में फेंकवाया, हाथी से कुचलवाने का प्रयास किया, सर्प से डसवाने का प्रयास ,जहर पिलवाया, होलिका प्रहलाद को लेकर अग्नि में बैठी, होलिका जलकर भस्म हो गईं प्रहलाद जीवित निकला। जिसका भगवान रक्षा करता है उसका कोई बिगाड़ नहीं सकता। हिरण्य कश्यप ने प्रहलाद से पूछा बता तेरा भगवान कहां है उसने कहा कि तू बता कि मेरा भगवान कहां नहीं है। तलवार में खंभे सहित सर्वत्र मेरा भगवान है । भगवान ने खंभे से नरसिंह को प्रकट किया। भगवान ने प्रहलाद को कहा कि तुझे मेरे नाम लेने से तरह तरह की यातनाएं दी गई लेकिन तूने धैर्य नहीं त्यागा जिससे मैं तेरी रक्षा के लिए भगवान नरसिंह के रुप में प्रकट हुआ हुआ हूं। उन्होंने हिरण्य कश्यप का संहार किया।

## दूसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे कर्मचारी

# शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पंचायत सचिव संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए है। मिशन मोदी की गारंटी में रहने के बाद भी शासकीयकरण पूरा नहीं होने के कारण नाराज सचिवों ने शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे है।

सचिव संघ के अध्यक्ष योगेश साहू ने बताया कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2023-24 में हुये चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया है। 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई है। इस संबंध में 7 जुलाई 2024 को इन्डोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, मंत्री महिला बाल विकास विभाग तथा घोषणा पत्र के संयोजक दुर्ग सांसद विजय बघेल की उपस्थिति के बीच सभी लोगों ने पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को अतिआवश्यक मानते हुये शीघ्र ही शासकीयकरण करने का भाषण देते हुये मुख्यमंत्री द्वारा मोदी की गारंटी को पूरा करने हेतु तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा की गई थी। उन्हे शासकीयकरण करने को भरोसा दिया गया। मुख्यमंत्री के घोषणा अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु उल्लेख किया गया था। उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। जिस पर पंचायत सचिवों को पूर्ण आशा एवं विश्वास था कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में शासकीयकरण को सौगात प्रदान किया जायेगा। किन्तु बजट सत्र में नहीं आने एवं इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं करने के कारण पंचायत सचिव क्षुब्ध एवं आक्रोशित है। धरना प्रदर्शन में ब्लाक अध्यक्ष अजय दीवान, महिला सचिव जागृति कश्यप, चंपा टोंडर, निलोफर यास्मीन, शकुंतला बघेल, दिलेश्वर गबेल, जंतराम साहू, श्रीकांत यादव, तूपेश साहू, माधव साहू, प्रताप सिंह ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, सुनील जांगड़े, काशीराम जांगड़े, सुखनंदन ओग्रे सहित सभी 116 सचिव हड़ताल में शामिल रहे।




धरना प्रदर्शन करते सचिव संघ

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ



**तखतपुर।** राम कथा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरुआत हुई। आयोजन में कथा वाचक और प्रवचन कारों में रामकृष्ण मानस मित्र अलीगढ़, नीरज साहित्य रत्न चित्रकूट, अवधेश महाराज अयोध्या, मानस माधुरी अखिलेश्वरी देवी, पंडित रामजी रामायणी, स्वामी धीरेंद्र आचार्य आएंगे। श्री राम कथा शाम 7 से रात्रि 12 बजे तक चलेगी। श्रीमद् भागवत कथा व्यास कपिल कुमार मिश्रा के द्वारा दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल भारतीय श्री राम चरित मानस सम्मेलन समिति के अनिल सिंह ठाकुर, कुंवारकांत देवांगन, अशोक दुबे, भगवत प्रसाद साहू, जुगल किशोर पांडे, योगेंद्र मिश्रा, श्रवण सिंह, महेंद्र पांडे, रोहन सिंह ठाकुर, पं.धनंजय मिश्रा, महेश सिंह, हेमंत साहू, केशर सिंह, रोशन सिंह, हरीश सिंह, आकाश सिंह, विकास सिंह सहित अन्य जूट गए हैं।